जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

अजमेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 वर्षः 28 संख्याः 359 प्रभात अजमेर, सोमवार 29 जुलाई, 2024 आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.



भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने रविवार को पैरिस ओलंपिक 2024 में इतिहास रचते हुए महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में तीसरे पायदान पर रहते हुये भारत को पहला पदक दिलाया। ओलिंपिक के इतिहास में निशानेबाजी में पदक जीतने वाली मनु पहली भारतीय महिला हैं। उन्होंने फाइनल में मुकाबले में वियतनाम, तुर्की, कोरिया, चीन, और हंगरी के खिलाड़ियों से स्पर्धा करते हुए 221.7 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। कोरिया की जिन ने ओलंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए 243.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। मनु भाकर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। वे 580 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। भाकर ने पहली सीरीज में 97, दूसरी में 97, तीसरी में 98, चौथी में 96, 5वीं में 96 और छठी में 96 अंक हासिल किए थे। इसके अलावा भारतीय निशानेबाज रमिता जिंदल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजी स्पर्धा में फाइनल में जगह बना ली है। मनु भाकर की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उन्हें देश भर से बधाई और शुभकामना संदेश मिल रहे हैं।

# प्र.मंत्री मोदी ने फोन करके मनु भाकर को ब्रॉन्ज़ मैडल जीत की बधाई दी

## प्र.मंत्री ने उस दिन का भी जिक्र किया जब पिछले टोक्यो ओलम्पिक में मनु भाकर को ऐन मौके पर राइफल खराब हो जाने के कारण प्रतियोगिता छोड़नी पड़ी थी

नई दिल्ली, 28 जुलाई। पैरिस ओलम्पिक में स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनु से फोन पर बात करते हुए उन्हें बधाई दी। साथ ही, पिछले टोक्यो ओलंपिक का भी जिक्र किया, जहां राइफल में खराबी आने की वजह से मनु भाकर को निराश होना पड़ा था। पीएम मोदी ने मनु भाकर से फोन पर बधाई देते हुए कहा, 0.1 से सिल्वर आपका रह गया, लेकिन इसके बाद भी आपने देश का नाम रोशन किया। आपको दो प्रकार की क्रेडिट मिल रहा है। एक तो कांस्य पद मिला और दूसरा आप पहली महिला हैं जो शूटिंग में मेडल लेकर आई हैं। मेरी तरफ से बहुत-बहुत बधाई।

- **प्रधानमंत्री मोदी ने शूटर मनु भाकर से आगे कहा, टोक्यो ओलंपिक में राइफल ने तुम्हारे साथ दगा कर दिया था, लेकिन इस बार तुमने सारी कमियों को पूरा कर दिया। इस पर मनु ने कहा कि अभी आगे और मैच भी हैं, उम्मीद रहेगी कि उसमें और अच्छा करूंगी।**
- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैरिस ओलंपिक में महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर को बधाई देते हुए कहा कि यह और भी खास है क्योंकि वह निशानेबाजी में पदक जीतने वाली देश की पहली महिला है।**

प्रधानमंत्री मोदी ने शूटर मनु भाकर से आगे कहा, टोक्यो ओलंपिक में राइफल ने तुम्हारे साथ दगा कर दिया था, लेकिन इस बार तुमने सारी कमियों को पूरा कर दिया। इस पर मनु ने कहा कि अभी आगे और मैच भी हैं, उम्मीद रहेगी कि उसमें अच्छा करूंगी। इस पर पीएम मोदी ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि आप अच्छा करोगी। प्रधानमंत्री ने ओलंपिक पदक विजेता से बातचीत में यह भी पूछा कि बाकी सब साथी प्रसन्न हैं? जिस पर मनु ने कहा कि सब बहुत ठीक हैं और नमस्ते कह रहे हैं आपको। पीएम ने कहा कि हमने कोशिश की है कि वहां खिलाड़ियों को सुविधाएं, कम्फर्ट मिले। इस पर मनु ने कहा कि अभी तो सबकुछ है हमारे पास। सारे प्रयास सफल रहे हैं।

फोन पर हुई बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आप लोगों की मेहनत रंग लाने वाली है। यह भी पूछा कि क्या घर पर बात की है, जिसपर मनु ने जवाब दिया कि शाम को जब रूम पर जाऊंगी तब करूंगी। पीएम ने कहा कि आपके पिता को काफी खुशी होगी, क्योंकि उन्होंने आपको बहुत प्रोत्साहित किया है। इस पर मनु ने कहा कि हां बिल्कुल मां, पिता और भाई सभी को खुशी होगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक में महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर को बधाई देते हुए कहा कि यह और भी खास है क्योंकि वह निशानेबाजी में पदक जीतने वाली देश की पहली महिला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उनकी उपलब्धि कई खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा, पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाजी स्पर्धा में कांस्य पदक से भारत का पदक तालिका में खाता खोलने के लिए मनु भाकर को हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा, वह निशानेबाजी प्रतियोगिता में ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। भारत को मनु भाकर पर गर्व है। उनकी उपलब्धि कई खिलाड़ियों और विशेषकर महिलाओं को प्रेरित करेगी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हरिभाऊ किसनराव राजस्थान के नये राज्यपाल होंगे

## राष्ट्रपति ने नौ राज्यों में नये राज्यपाल नियुक्त किये

जयपुर/ नई दिल्ली, 28 जुलाई (का.सं.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजस्थान, तेलंगाना और झारखण्ड सहित 9 राज्यों में राज्यपालों की नियुक्ति की है। हरिभाऊ किसनराव राजस्थान के नए राज्यपाल होंगे।

बता दें कि राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र का कार्यकाल पूरा हो गया था। ऐसे में उनकी जगह हरिभाऊ किसनराव को राजस्थान का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। हरिभाऊ का जन्म 17 अगस्त 1945 को औरंगाबाद के चित्तेपिम्पलगांव में मराठा परिवार में हुआ था। वह पहली बार 1985 में औरंगाबाद पूर्व सीट से महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुने गए थे। उन्होंने 2014 में फुलंबरी निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के कल्याण काले के खिलाफ विधायक चुनाव जीता और उसी निर्वाचन क्षेत्र से 2019 का विधानसभा चुनाव भी जीता। जब भाजपा ने 2014 में महाराष्ट्र में अपनी पहली सरकार बनाई तो उन्हें महाराष्ट्र विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वे महाराष्ट्र सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री भी रहे हैं। वे महाराष्ट्र सरकार में रोजगार और खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री भी रह चुके हैं। हरिभाऊ को नाना नाम से भी जाना जाता है। वे 13 साल की उम्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक बने। वे गरीब परिवार से आते हैं। आजीविका चलाने के लिए कई सालों तक औरंगाबाद के फुलंबरी में अखबार भी बेचा। अखबार बेचते-बेचते उन्होंने लोगों से जनसंपर्क बनाया। उनकी लोकप्रियता को देख भाजपा ने उन्हें 1985 में पहली बार विधानसभा का टिकट दिया और वह पहली बार विधायक बने। उन्होंने आपातकाल के दौरान भूमिगत नेताओं की भी मदद की थी और इस दौरान वे उन तक अहम सूचनाएं और जानकारियां पहुंचाते थे।



हरिभाऊ किसनराव



गुलाब चन्द कटारिया

- **हरिभाऊ का जन्म औरंगाबाद (महाराष्ट्र) के एक मराठा परिवार में हुआ था, वे 1985 में औरंगाबाद (पूर्व) सीट से पहली बार विधायक चुने गये थे।**
- **पूर्व केन्द्रीय मंत्री संतोष कुमार गंगवार को झारखण्ड व रमन डेका को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल बनाया गया है।**
- **इसके अलावा मेघालय, तेलंगाना, महाराष्ट्र, असम और मणिपुर में भी नये राज्यपाल नियुक्त किये गये हैं।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष कुमार गंगवार और रमन डेका को राज्यपाल नियुक्त किया है।

राष्ट्रपति भवन की ओर से शनिवार रात को राज्यपालों की नियुक्ति के बारे में जानकारी सार्वजनिक की गई। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी हुई विज्ञप्ति के अनुसार गंगवार को झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। जिष्णु देव वर्मा को तेलंगाना का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रपति ने रमन डेका को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल और सी. एच. विजयशंकर को मेघालय का राज्यपाल नियुक्त किया है।

इसके अलावा तेलंगाना के अतिरिक्त प्रभार के साथ झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को पंजाब का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। कटारिया के पास

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तमिलनाडू में भाजपा नेता की पीट-पीटकर हत्या

चेन्नई, 28 जुलाई। तमिलनाडू के शिवगंगा में भाजपा नेता की शनिवार रात हत्या कर दी गई। स्टेट बीजेपी चीफ अन्नामलाई ने इसे लेकर राज्य में कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। साथ ही, इसके लिए सत्तारूढ़ द्रमुक सरकार को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि, शिवगंगा के सांसद कार्ति चिदंबरम का कहना है कि इस हत्याकांड को राजनीति से जोड़ना सही नहीं है। बता दें कि सेल्वाकुमार शिवगंगा के भाजपा जिला सचिव थे। उन पर उस समय हमला किया गया जब वह अपने ईंट भट्ठे से बाइक पर घर लौट रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने उन्हे घेर लिया और पीट-पीटकर मार डाला।

- **राज्य भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई ने इस हत्या को लेकर राज्य में कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।**

रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा नेता की हत्या करने के बाद हमलावर उन्हें सड़क किनारे छोड़कर चले गए। राहगीरों ने सेल्वाकुमार को खून से लथपथ देखा। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद अधिकारी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश माथुर को सिक्किम का राज्यपाल बनाया गया

## राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया को पंजाब का राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक की जिम्मेदारी दी गई



ओम प्रकाश माथुर

- **संघ पृष्ठभूमि से जुड़े माथुर प्र.मंत्री मोदी के सबसे करीबी नेताओं में से एक हैं। जब मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो उस समय ओम माथुर को गुजरात का प्रभारी बनाया गया था।**
- **माथुर मूल रूप से पाली जिले के झालना कस्बे के रहने वाले हैं। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा पाली में ही हुई तथा वे उच्च शिक्षा के लिए जयपुर आ गये थे।**

जयपुर, 28 जुलाई (का.सं.)। भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश माथुर को भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने अब उन्हें उनकी 36 साल की सक्रिय राजनीति है। इसके साथ ही राजस्थान सरकार के पूर्व गृह मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता गुलाबचंद कटारिया को पंजाब का राज्यपाल बनाया गया है। कटारिया चंडीगढ़ के प्रशासक का पद भी संभालेंगे। इससे पहले उन्हें पिछले साल फरवरी 2023 में असम का राज्यपाल नियुक्त किया गया था।

संघ पृष्ठभूमि से जुड़े माथुर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करीबी नेताओं में से एक हैं। जब मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। उस समय माथुर गुजरात के प्रभारी बनाए गए थे। सियासी जानकारों की मने तो सक्रिय राजनीति से सम्मान के साथ विदाई है। सक्रिय राजनीति के तौर पर उनका अंतिम संगठन का काम विधानसभा चुनावों में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रभारी के तौर पर था। छत्तीसगढ़ में भाजपा ने बड़ी जीत दर्ज की थी। इसका श्रेय माथुर को भी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कश्मीर में गर्मी का 35 वर्षों का रिकॉर्ड टूटा

श्रीनगर, 28 जुलाई। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में शनिवार रात मौसम का सबसे अधिक न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, आज का न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.8 डिग्री सेल्सियस अधिक था, जो जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी में पिछले 132 वर्षों में तीसरा सबसे अधिक है। यहां 26 जुलाई, 2021 को दूसरा सबसे अधिक न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

- **जम्मू- कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में शनिवार रात मौसम का सबसे अधिक न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।**

कश्मीर में इतना ज्यादा तापमान

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'भाजपा शासित राज्य केन्द्र के साथ समन्वय बनाकर विकास योजनाओं में जन भागीदारी बढ़ाने के लिए काम करें'

## प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा मुख्यालय में भाजपाई मुख्यमंत्रियों एवं उप मुख्यमंत्रियों को संबोधित किया

नयी दिल्ली, 28 जुलाई (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों को नसीहत दी है कि वे केन्द्र के साथ समन्वय बनाकर विकास योजनाओं में जन भागीदारी बढ़ाने के लिए काम करें।

भाजपा के मुख्यमंत्रियों - उप मुख्यमंत्रियों के दो दिन के सम्मेलन के बारे में पार्टी के वरिष्ठ नेता विनय सहस्त्रबुद्धे ने रविवार को संवाददाताओं को बताया, प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया है कि केंद्र और राज्य सरकारें अधिक मज़बूती से लोक कल्याण के समन्वित प्रयासों में लगती हैं तो विकसित भारत का लक्ष्य हम निश्चित हासिल कर पायेंगे। विरासत का विकास और विकास की विरासत का निर्माण, इन दोनों का हमारी विकसित भारत की संकल्पना में विशेष महत्व है। इस का भी ध्यान हम सभी को निरंतर रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मोदी आज भाजपा मुख्यालय में आयोजित भाजपा के सभी मुख्यमंत्री - उपमुख्यमंत्रियों की दो दिवसीय 'मुख्यमंत्री-परिषद' के समापन सत्र में को संबोधित कर रहे थे। पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह आदि राष्ट्रीय नेताओं की उपस्थिति में सम्पन्न इस 'मुख्यमंत्री-परिषद' में भाजपा के सभी 13 मुख्यमंत्री और सभी 15 उप-मुख्यमंत्री सहभागी हुए।

उन्होंने कहा कि भाजपा के सु-शासन के एजेंडे के तहत इस तरह की मुख्यमंत्री परिषद का आयोजन समय-समय पर होता आया है। वर्तमान वर्ष 2024 का यह दूसरा आयोजन था।

- **भाजपा मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह आदि राष्ट्रीय नेताओं की उपस्थिति में सम्पन्न इस 'मुख्यमंत्री-परिषद' में भाजपा के सभी 13 मुख्यमंत्री और सभी 15 उप-मुख्यमंत्री सम्मिलित हुये।**

सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाने से लेकर विकास कार्यक्रमों में जन-भागीदारी पर और अधिक बल देने की दृष्टि से अन्यान्य प्रयासों की आवश्यकता तथा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स का उपयोग करते हुए लोगों तक सरकारी योजनाओं की पहुँच बढ़ाने के उपायों की भी विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने बताया कि कल शाम अपने प्रारंभिक उद्बोधन में नड्डा ने कहा, इन बैठकों के माध्यम से हम सभी तीन विशिष्ट उपलब्धियाँ पाते हैं। सबसे पहले तो हम सभी को प्रधानमंत्री के सुदीर्घ अनुभव का लाभ मिलता है तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं का भी मार्गदर्शन प्राप्त होता है।

दूसरा यह कि हम अपने अनुभवों का आदान -प्रदान कर पाते हैं और कुछ नई जानकारी या नया आकलन भी पाते हैं। तीसरी उपलब्धि होती है कि कुछ और अधिक अच्छा करने की हमारी भावना बलवती होती है।

उन्होंने कहा कि इस बैठक में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नयी शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में राज्य सरकारों की भूमिका की चर्चा की और राज्य सरकारों से जो अपेक्षायें हैं, उनका भी विवरण प्रस्तुत किया, जिस पर विस्तार से चर्चा हुई।

सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि इस परिषद के प्रारंभ में कुछ भाजपा शासित राज्यों के द्वारा अपनाये गये नवाचार प्रेरित और सु-शासन केंद्रित प्रयासों के संदर्भ में कुछ चयनित प्रयासों की चर्चा करने वाले प्रस्तुतीकरण भी हुये।

उत्तर प्रदेश की ग्रामीण सचिवालय योजना, असम सरकार का सरकारी रिक्त स्थानों की शीघ्र भर्ती के लिए विशेष अभियान, गुजरात के सौर ऊर्जा निर्माण को गति देने के प्रयास, त्रिपुरा का 'अमार सरकार' कार्यक्रम और बिहार सरकार के अवैध खनन रोकथाम के लिए किए गए प्रयास इत्यादि विशेष उल्लेखनीय प्रस्तुतीकरण इस परिषद में हुए। इस चर्चा के दौरान महाराष्ट्र और हरियाणा के कुछ विशिष्ट प्रकल्पों की भी चर्चा हुई।

# '70 प्रतिशत बाघ भारत में

नयी दिल्ली, 28 जुलाई (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व बाघ दिवस की पूर्व संध्या पर कहा है कि भारत में बाघों के संरक्षण के लिए इस समय अभूतपूर्व प्रयास चल रहे हैं और देश में प्रति वर्ष इस वन्य प्राणी की संख्या बढ़ रही है।

मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो संबोधन- मन की बात में कहा कि विश्व में 70 प्रतिशत बाघ भारत में पाए जाते हैं और और यह प्राणी भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहा है और देश में वनों के आस पास के गावों में लोगों को पता रहता है कि बाघों के साथ ताल मेल बिठा कर कैसे रहना है। उन्होंने इस संदर्भ में रणथम्भौर (राजस्थान), महाराष्ट्र का तादोबा-अंधेरीबाघ अभयारण्य,आंध्र प्रदेश में नल्लामलाई की पहाड़ियों पर रहने वाली 'चेन्चू' जनजाति और पीलीभीत में चल रहे

- **प्र.मंत्री मोदी ने कहा कि देश में बाघों की संख्या हर वर्ष बढ़ रही है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

सबसे उत्तम दान यह है कि आदमी को इतना योग्य बना दो कि वह बिना दान के काम चला सके। –तालमुद

# साहित्य और राजनीति : यह रिश्ता क्या कहलाता है?

साहित्य और राजनीति के अंत: संबंधों पर प्राय: बात होती है और लगता है कि लोग सीधे–सीधे दो खेमों में बंटे हुए हैं। एक खेमा उनका है जो मानते हैं कि साहित्य को राजनीति से पर्याप्त दूरी बरतनी चाहिए, जबकि दूसरा खेमा उन लोगों का है जो मानते हैं कि साहित्य को (और साहित्यकार को भी) राजनीति में दिलचस्पी रखनी चाहिए। इन दोनों खेमों के अनेक उपभेद भी हो सकते हैं। जो लोग ऐसा मानते हैं कि साहित्य को राजनीति से दूर रहना चाहिए उनमें से अधिकांश राजनीति को बहुत बुरा मानते हैं और इसलिए वे चाहते हैं कि साहित्य जैसी पवित्र चीज़ राजनीति जैसी अपवित्र चीज़ से दूर ही रहे। ऐसा सोचने और चाहने वालों में कुछ लोग बहुत भोले हैं। उन्होंने जो बात कभी सुन ली थी, उसी को वे दुहराए जाते हैं, उस पर विचार करने की, उसे तर्क की कसौटी पर कसने की ज़हमत वे नहीं उठाते हैं। अगर उन्होंने कभी कहीं यह पढ़ या सुन लिया था कि राजनीति धूर्तों का खेल है, तो इस बात को अपने दिल–ओ–दिमाग़ पर खुदवा लिया है। साहित्य कर्म उनके लिए बहुत महान और पवित्र है, जबकि राजनीति बहुत बुरी और गंदी है। कहना अनावश्यक है कि यह अति सामान्यीकरण है।

दूसरी तरफ़ वे लोग हैं जो मानते हैं कि राजनीति हमारे जीवन का एक अनिवार्य अंग है, वह हमारे जीवन के हर पहलू को प्रभावित करती है, अत: साहित्य और साहित्यकार को उससे तनिक भी दूरी बरतने की ज़रूरत नहीं है। इस सोच वाले लोगों में वे आदर्शवादी भी शामिल हैं जो प्रेमचंद के इस कथन को याद करते हैं कि साहित्य राजनीति के आगे चलने वाली मशाल है। प्रेमचंद का पूरा कथन यह है:– "वह (अर्थात साहित्य) देशभक्ति और राजनीति के पीछे चलने वाली सच्चाई भी नहीं, बल्कि उनके आगे मशाल दिखाती हुई चलने वाली सच्चाई है। पढ़ने–सुनने में यह बात चाहे कितनी भी अच्छी क्यों न लगे, ज़मीनी हक़ीक़त इससे बहुत भिन्न है। लेकिन यह तो मानना ही होगा कि आप भले ही राजनीति से दूरी बरतें, राजनीति आपके जीवन को कभी नहीं छोड़ती है। और इसलिए साहित्य और साहित्यकार का राजनीति से दूरी बरतना तर्क संगत नहीं है।"

अब यहीं एक बात यह आती है कि राजनीति से क्या आशय है, और साहित्य का राजनीति से रिश्ता किस तरह का हो। कहा जा सकता है कि राजनीति दो शब्दों का एक समूह है राज नीति जिसमें राज का मतलब शासन और नीति का मतलब उचित समय और उचित स्थान पर उचित कार्य करने की कला अर्थात् नीति विशेष के द्वारा शासन करना या विशेष उद्देश्य को प्राप्त करना राजनीति है। इसे यों भी कह सकते हैं कि जनता के सामाजिक और आर्थिक स्तर का प्रबंध करना राजनीति है। इस बात को अधिक सरल बनाकर कहें तो शासन में पद प्राप्त करना तथा सरकारी पद का उपयोग करना राजनीति है। सिद्धांतत: राजनीति और सत्ता को अलग करके देखा जाना चाहिए लेकिन व्यवहार में ये एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। व्यावहारिक रूप से राजनीति दलगत भी हो सकती है और निर्दलीय भी। जहां तक साहित्य और राजनीति के अंत: संबंध की बात है साहित्य किसी राजनीतिक विचारधारा या दल या नेता का समर्थन या विरोध करके राजनीति से अपने जुड़ाव का परिचय दे सकता है। अधिक व्यापक रूप से देखें तो किसी विचारधारा विशेष को पसंद कर और अपने साहित्य में उसे रूपायित करके साहित्य राजनीति से अपनी निकटता बताता है। भारत सहित दुनिया भर के साहित्य में मार्क्सवाद से संलग्नता इस बात का बेहतरीन उदाहरण है। हिंदी का प्रगतिशील आंदोलन इसी का भारतीय रूप है। बाद में हिंदी साहित्य की दुनिया में प्रगतिशील लेखक संघ और जनवादी लेखक संघ सीधे–सीधे दो अलग–अलग राजनीतिक दलों से संबद्ध रहे और संबद्ध हैं। इसी तरह अन्य दलों और विचारधाराओं से भी साहित्य का नज़दीकी रिश्ता रहा है। बहुत सारे लेखकों ने ख़ुद चुनाव भी लड़े हैं या कम से कम चुनाव लड़ने वालों का खुलकर समर्थन (या विरोध) किया है। राजनीति से जुड़ाव समर्थन के रूप में ही नहीं, विरोध के रूप में भी देखा जा सकता है। साहित्य की दुनिया में बहुत सारे लोग मार्क्सवाद का विरोध करके भी अपने राजनीतिक होने का परिचय देते हैं।

**भारत सहित दुनिया भर के साहित्य में मार्क्सवाद से संलग्नता इस बात का बेहतरीन उदाहरण है। हिंदी का प्रगतिशील आंदोलन इसी का भारतीय रूप है। बाद में हिंदी साहित्य की दुनिया में प्रगतिशील लेखक संघ और जनवादी लेखक संघ सीधे-सीधे दो अलग-अलग राजनीतिक दलों से संबद्ध रहे और संबद्ध हैं। इसी तरह अन्य दलों और विचारधाराओं से भी साहित्य का नज़दीकी रिश्ता रहा है।**

समय–समय पर साहित्यकारों ने राजनीतिक घटनाक्रम पर अपनी–अपनी तरह से प्रतिक्रियाएं दी हैं। कभी वे प्रतिक्रियाएं प्रत्यक्ष रही हैं तो कभी उनके साहित्य के माध्यम से सामने आई हैं। हमारे बहुत सारे साहित्यकारों ने समय–समय पर सरकारी सम्मानों को लौटाकर अगर अपनी सीधी प्रतिक्रियाएं दी हैं तो याद कीजिए भारतेंदु हरिश्चंद्र, निराला, नागार्जुन, भगवती चरण वर्मा, रांगेय राघव, भीष्म साहनी जैसे अनगिनत रचनाकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से राजनीतिक घटनाक्रम पर अपनी बात कही है। इधर अशोक वाजपेयी जिस तरह खुलकर राजनीति पर टिप्पणियां कर रहे हैं वह साहित्य और राजनीति की नज़दीकी का एक उम्दा उदाहरण है। और यह सब केवल आधुनिक काल में ही नहीं हुआ है। भक्ति काल या रीति काल में भी आपको ऐसे अनेक उदाहरण मिल जाएंगे। मीरा के काव्य में तुलसी के काव्य में, बिहारी के काव्य में – सब जगह आप राजनीतिक चेतना भी पाते हैं।

यहीं एक बात और कहना ज़रूरी है। बहुत सारे लोग साहित्य और राजनीति की निकटता को अच्छा नहीं मानते हैं। वे साहित्य की स्वायत्तता की बात करते हैं। मुझे लगता है कि यह भी एक नज़रिया है और इसका भी सम्मान किया जाना चाहिए। जिन्हें जगत गति नहीं व्यापती है, उन्हें न व्यापे। लेकिन जैसे वे अपनी सोच के लिए स्वतंत्र हैं वैसे ही उनसे भिन्न सोच वालों का भी सम्मान किया जाना चाहिए। लेकिन यहीं एक और प्रजाति सामने आती है। यह प्रजाति भोली नहीं, चालाक है। जब आप जीवन में या साहित्य में राजनीति पर कोई टिप्पणी करते हैं तो यह प्रजाति उछल कर सामने आती है और आपसे कहती है कि आप तो बहुत महान हैं, पवित्र हैं आप कहां राजनीति के इस दलदल में, कीचड़ में पांव धर रहे हैं। लेकिन यह इस प्रजाति की आपके प्रति सद्भावना नहीं होती है। यह एक बड़ी चालाकी होती है, आपकी आवाज़ को दबाने की। जब आप उनकी चहेती राजनीति की आलोचना करते हैं तभी उनकी ह तथाकथित सद्भावना जागती है। अगर आप भी कीर्तन करें, जैसा वे दिन–रात करते रहते हैं, तब राजनीति कीचड़ नहीं रह जाती है। तब वह पवित्र हो जाती है। तो इस कौशल से वे आपके प्रतिरोध की आवाज़ को दबाते हैं। पिछले कुछ बरसों में यह काम बहुत संगठित और योजनाबद्ध तरीके से हुआ है। एक राजनीतिक दल विशेष के आईटी सेल और उसके वेतनभोगी कर्मचारियों ने यही नहीं और भी अनेक धत्कर्म किए हैं। इधर एक बदलाव यह आया है कि पहले जो विचारधारा और दल उनके निशाने पर थे, अब वे भी पलटकर उनकी शैली में जवाब देने लगे हैं। इससे वातावरण खराब हुआ है।

निष्कर्ष रूप में, मेरा यह मानना है कि साहित्यकार को अपने परिवेश के प्रति पूरी तरह सजग होना चाहिए और उसे चीज़ों को गहराई में जाकर समझना चाहिए। ऐसा करने के लिए बहुत पढ़ना ज़रूरी होता है। दुर्भाग्य से इधर यह प्रवृत्ति कम होती जा रही है। पढ़ने के नाम पर वॉट्सएप पर आईटी सेल द्वारा उत्पादित और फिर इधर से उधर ठेली गई सामग्री ही बची रह गई है। केवल उसी को पढ़कर जब कोई साहित्य की बात करता है, साहित्यकार होने का दावा करता है तो उस पर गुस्सा भी आता है और दया भी आती है। आज एक पूरी पीढ़ी ऐसी आ गई है जिसे अपने समकालीन यथार्थ से, अपने अतीत से, अपनी परम्पराओं से – किसी भी अर्थपूर्ण बात से कोई लेना–देना नहीं है। उसे जितना रटाया गया है वह उसी का जाप करती रहती है और यह मुगालता पालती है कि वह साहित्य की सेवा कर रही है। बीस–पच्चीस हज़ार रुपये खर्च कर किताब छपवा लेने और सोशल मीडिया पर उसे ख़ुद प्रचारित करने के मौकों ने इस प्रवृत्ति को खूब बढ़ावा दिया है। लेकिन इस तरह किए गए काम को और कुछ भी कहा जाए, साहित्य नहीं कहा जा सकता, और न ऐसा करने वालों को साहित्यकार कहा जा सकता है। साहित्य को अपने समय के प्रति न केवल पूरी तरह से सजग रहना चाहिए, उसमें उसे सार्थक हस्तक्षेप भी करना चाहिए। इतना ज़रूर है कि जब वह हस्तक्षेप साहित्य के माध्यम से हो तो साहित्य की शर्तों के अनुरूप हो, अन्यथा वह लेखन नारा बन कर रह जाता है। हिंदी साहित्य में और अन्य भाषाओं के साहित्य में भी इस बात के उदाहरणों की भी कमी नहीं है।

–अतिथि संपादक,
डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल
( शिक्षाविद और साहित्यकार )

# 800 किलोमीटर की साइकिल यात्रा पर निकली उदयपुर की डिम्पल भावसार

## डिम्पल एक गृहिणी होते हुए भी पशु प्रेम का संदेश लेकर साइकिल से सफर तय करेगी



गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने की अनोखी मुहिम को लेकर उदयपुर की डिंपल भावसार 800 किलोमीटर की साइकिल यात्रा पर रवाना हुई।

**उदयपुर,**(कासं)। गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने की अनोखी मुहिम का शुभारंभ रविवार को उदयपुर से हुआ। इस मुहिम के तहत उदयपुर एनिमल फीड (हैप्पी एंड चॉइस वेलफेयर सोसाइटी) की ओर से यूएएफ संस्थापक डिंपल भावसार उदयपुर से दिल्ली तक की 800 किलोमीटर की साइकिल यात्रा कर रही है।

यात्रा का शुभारंभ रविवार को आरके सर्कल से मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रदीप कुमावत, अर्थ डायग्नोस्टिक के अर्पित, संदीप राठौड़, शिक्षाविद् प्रीति सोगानी, डॉ. कमलेश शर्मा, रिमझिम बख्शी, सोनाली कुमार, पशुप्रेमी सत्यजीत, एडवोकेट निर्मल पंडित, शौर्या जैन, वेणुगोपाल सर की मौजूदगी में हुआ। अतिथियों ने डिंपल को श्रीफल भेंट कर और साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया।

**■ डिंपल भावसार की यह यात्रा देश के विभिन्न 20 शहरों से होती हुई दिल्ली तक जाएगी**

संस्था के रवि भावसार ने बताया कि यह यात्रा यूएएफ की संस्थापक डिंपल भावसार के द्वारा निकाली जा रही है जो एक गृहिणी होते हुए भी पशु प्रेम का संदेश लेकर साइकिल से 800 किलोमीटर का सफर तय करेगी ताकि पशुओं पर हो रही क्रुरता को रोका जा सके। यह यात्रा देश के विभिन्न 20 शहरों से होती हुई दिल्ली तक जाएगी। डिंपल ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य पशुओं और पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना है। इसके तहत मार्ग में आने वाली 50 विद्यालयों के 25 हजार छात्रों को पशु प्रेम के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। मिराज ग्रुप वह हैप्पी एंड चॉइस वेलफेयर सोसाइटी मिलकर इस मार्ग में दस हजार वृक्षारोपण भी करेंगे। इस मौके पर हैप्पी एंड चॉइस वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक रवि भावसार ने बताया कि संस्था द्वारा अन्य कई प्रोजेक्ट जैसे रेबीज मुक्त भारत, मिशन जीरो हंगर, गोपाल वाहिनी, प्रोजेक्ट प्यास, प्रोजेक्ट सुरक्षा, प्रोजेक्ट जीव वाणी, प्रोजेक्ट शिक्षा, प्रोजेक्ट वृक्षारोपण आदि भी चला रही है। इस अवसर पर सोशल मीडिया से लकी, चेष्टा खत्री, भावेश सालवी ने भी इस कार्य की सराहना की और संस्थापक डिंपल भावसार व यूएएफ के पेडल से परिवर्तन यात्रा के सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया।

# 'राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान ने देश दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है'

## केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने निफ्ट में नवीन छात्रावासों का उद्घाटन किया

**जोधपुर,** (कासं)। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) के जोधपुर परिसर में नवीन छात्रावासों का उद्घाटन रविवार को केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने किया। इस दौरान परिसर में नवनिर्मित अटल छात्रावास, सावित्रीबाई फुले छात्रावास और रानी पद्मावती छात्रावास का भी उद्घाटन किया गया।

**■ मंत्री गिरिराज सिंह ने निफ्ट में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया**

उद्घाटन समारोह के आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि निफ्ट ने आज देश–दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है, यहां के विद्यार्थियों ने फैशन की दुनिया में एक अलग छाप छोड़ी है। आगे इंडस्ट्री से जुड़कर निफ्ट को अपने ब्रांड बनाने चाहिए, जिससे पूरे विश्व में भारत का कपड़ा जाना जाये। आज विश्व में भारत की अनोखी पहचान है, पिछले दस सालों में केन्द्र सरकार के कार्यों से भारत विश्व में 5वीं अर्थव्यवस्था बना है, साथ ही हर वर्ग के लिए सरकार की ओर से प्रयास किये गए है। केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि आज इंडस्ट्री और संस्थानों को जुड़कर कार्य करने की जरूरत है। इससे युवाओं को मौके मिलेंगे। उन्होंने कहा प्रदेश में सेल्फ हेल्प ग्रुप के सहयोग से हमारे शिल्पकारों और बुनकरों को जोड़ना चाहिए जिससे हुनरमंद लोगों के प्रयास से देश की तरक्की हो। आज लोगों के खरीदने की क्षमता में इजाफा हुआ है, जिससे लोग देश के उत्पादों को भी खरीदने लगे है, इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का बड़ा योगदान है। केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि हम सबको क्लाईमेट चेंज में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि युवा दर्जी के लिए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू करना चाहिए, इसमें निफ्ट के विद्यार्थी भी युवाओं से जुड़कर उन्हें प्रशिक्षित करें, जिससे उन्हें आधुनिक तकनीकियों की जानकारी मिल सकें।

इस मौके पर राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि भारत सरकार के इस संस्थान ने आज जोधपुर का नाम नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर ला दिया है। साथ ही मुझे जानकारी है कि इस संस्थान के माध्यम से हमारे शिल्पकारों को समय–समय पर प्रशिक्षण दिया जाता रहता है, वो कदम भी सराहनीय है। इसी तरह आगे भी संस्थान प्रदेश के शिल्पकारों, बुनकरों के लिए नवाचार करता रहे।

महानिदेशक आईएएस तनु कश्यप ने बताया कि इन छात्रावासों में 500 से अधिक विद्यार्थियों के रूकने की व्यवस्था होगी। निफ्ट निदेशक प्रो. जीएचएस प्रसाद ने बताया कि सभी कमरों में पूरी तरह से वातानुकूलित सिस्टम, इंटरनेट की सुविधा, इंडोर–आउटडोर खेल सुविधाएं, लिफ्ट सेवा, योग एवं ध्यान कक्ष भी बनाए गए हैं। छात्रावासों में फायर हाइड्रेंट सिस्टम, फायर अलार्म और स्मोक डिटेक्टर प्रत्येक मंजिल पर रखे गए हैं।

केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को निफ्ट जोधपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सुना। इस दौरान निफ्ट के सभी शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर केन्द्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम आज देश के उत्पादों के प्रचार में अहम योगदान दे रहा है। केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया और कहा कि आज पौधारोपण करना देशहित में सबसे बड़ा योगदान है। इसे सभी को जिम्मेदारीपूर्वक करना होगा।

# सिंचाई विभाग की अनदेखी के चलते एलकेडी माइनर टूटा, खेत जलमग्न हुये

## खेत जलमग्न होने से खेतों में खड़ी फसलें, डिग्गियों व बोरवैल नष्ट, लाखों का नुकसान

**लूणकरनसर,** (निसं)। सिंचाई विभाग की अनदेखी के चलते कंवरसेन लिफ्ट नहर का एलकेडी माइनर चक तीन एलकेडी के पास टूट गया। माइनर टूटने से खेत जलमग्न हो गए। इससे खेतों में खड़ी फसलें, डिग्गियों व बोरवैल नष्ट होने से लाखों का नुकसान हुआ है।

गौरतलब है कि गत 3 जून को चक तीन एलकेडी में माइनर टूट गया था। माइनर में टूटी जगह पर नहर विभाग की ओर से मिट्टी से खानापूर्ति कर बांधा गया तथा प्लास्टिक लगाकर पानी का रोका गया था। विभाग की लापरवाही के चलते शुक्रवार आधी रात के बाद दुबारा उसी जगह से माइनर फिर से टूट गया। माइनर टूटने से खेतों में पानी भरने से चक तीन एलकेडी के काश्तकार प्रभुराम, रामचन्द्र, हेतराम, बलराम, राजेन्द्र, किसनलाल, रूकमा देवी, मघी देवी, गोगा देवी आदि के खेत में बनी सिंचाई की दो डिग्गियों, दो बोरवैल के साथ खेत में खड़ी मूंगफली, ग्वार, बाजरा, जोई, हरा चारा समेत अन्य फसलें नष्ट हो गई। खेत में मिट्टी भरने से जमीन ऊबड़–खाबड़ होने से लाखों का नुकसान हुआ।

**■ गत 3 जून को चक तीन एलकेडी में माइनर टूट गया था, नहर विभाग की ओर से मिट्टी से खानापूर्ति कर बांधा गया था तथा प्लास्टिक लगाकर पानी का रोका गया था**

माइनर टूटने के बाद सुबह अगले दिन 4 चार बजे किसानों का पता चला। किसान नहर विभाग के सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता को फोन करते रहे, लेकिन विभागीय अधिकारी चार–पांच घण्टे बाद मौके पर पहुंचे। इस दौरान किसानों ने उपखण्ड अधिकारी राजेन्द्र कुमार को फोन करने पर टूटे माइनर का पानी बंद करवाया गया। माइनर टूटने की सूचना मिलने के बाद राजस्व तहसीलदार बाबूलाल ने हल्का पटवारी भरत रोझ को मौके पर भेजा। हल्का पटवारी भरत रोझ ने माइनर टूटने से किसानों की डिग्गियों, बोरवैल, फसलों व मिट्टी भरने से हुए नुकसान की रिपोर्ट तहसीलदार को सुपुर्द की है।

माइनर टूटने से खेतों में पानी भरने से हुए नुकसान को लेकर पीड़ित किसान शनिवार को उपखण्ड अधिकारी राजेन्द्र कुमार से मिले और मुआवजा दिलाने की मांग उठाई। किसानों ने बताया कि नहर विभाग की ओर से पटड़ों की मिट्टी हटाने व नहर की मरम्मत में खामी रखने से गत 3 जून को माइनर टूट गया था।

इसके बाद दुबारा नहर को बालू रेत व प्लास्टिक से बंधाई करने से रात को फिर से टूट गया। माइनर से खेत जलमग्न होने से फसलें नष्ट हो गई है तथा पानी की डिग्गियों व बोरवैल नष्ट हो गए। उपखण्ड अधिकारी ने नहर की मरम्मत को लेकर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए तथा खेतों में हुए नुकसान का आंकलन करवाकर किसानों को मुआवजे का आश्वासन दिया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 29 जुलाई, 2024**

सावन मास, कृष्ण पक्ष, नवमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, भरणी नक्षत्र दिन 10:55 तक, गंड योग सायं 5:55 तक, तैतिल करण प्रात: 6:42 तक, चन्द्रमा आज सायं 4:45 से वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कर्क, चन्द्रमा–मेष, मंगल–वृष, बुध–सिंह, गुरू–वृष, शुक्र–कर्क, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज दूसरा सावन वन सोमवार है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:33 तक, शुभ 9:13 से 10:53 तक, चर 2:13 से 3:53 तक, लाभ–अमृत 3:53 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:53, सूर्यास्त 7:13



**मेष**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी।



**वृष**
घर–गृहस्थी के खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।



**मिथुन**
आर्थिक/वित्तिय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।



**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**सिंह**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कन्या**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी हो सकती है।




**तुला**
व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। कारोबारी अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा।



**वृश्चिक**
स्वास्थ्य से संबंधित चिन्ता दूर होगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।



**धनु**
घर–परिवार में स्वास्थ्य से संबंधित परेशानी हो सकती है। परिवार में आपसी वाद–विवाद बढ़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी।



**मकर**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कुंभ**
घर–परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेंगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



**मीन**
आर्थिक/वित्तिय मामलों में संतुलन बना रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा है। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

# अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी व रोहिंग्यां की पहचान के लिए चलेगा अभियान : देवनानी

## विधानसभा अध्यक्ष ने की पुलिस अधीक्षक से चर्चा

**अजमेर,** (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जिला पुलिस को शहर में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों व रोहिंग्याओं की धरपकड़ के निर्देश दिए हैं। इसी तरह अवैध ई-रिक्शा संचालन व समय के बाद शराब बिक्री पर भी सख्ती होगी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को सर्किट हाऊस में जिला पुलिस अधीक्षक से कानून व्यवस्था पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि दरगार सम्पर्क सड़क, दिल्ली गेट व शहर के अन्य हिस्सों में बढ़ते अपराधों पर लगाम कसी जाए। कई बार इन अपराधों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी व रोहिंग्याओं की भूमिका सामने आती है।



**विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को सर्किट हाऊस में जिला पुलिस अधीक्षक से कानून व्यवस्था पर चर्चा की।**

इन सभी के खिलाफ सर्च अभियान चलाकर धरपकड़ की जाए। इन्हें देश से बाहर भेजने की कार्रवाई की जाए। दरगाह सम्पर्क सड़क पर स्थायी पुलिस चौकी की स्थापना शीघ्र हो। बजट घोषणा की अनुपालना में हरिभाऊ उपाध्याय नगर में थाने के निर्माण व शुरूआत का काम जल्द करवाया जाए।

देवनानी ने पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र विश्नोई को निर्देश दिए कि आनासागर पुलिस चौकी पर पर्याप्त स्टाफ नियुक्त हो। साथ ही चौकी के नए भवन का निर्माण के प्रस्ताव पर भी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि चेन स्नैचिंग व बच्चों को पकड़ने वाला गिरोह पुनः सक्रिय हो रहा है। इनके खिलाफ प्रभावी कार्यवाही हो। शहर में ई-रिक्शा की संख्या बेलगाम हो रही है। इससे यातायात भी प्रभावित हो रहा है। ई-रिक्शा केवल उसका वास्तविक मालिक ही चलाए। अन्य कोई चलाता पाए जाए तो कार्रवाई हो। ट्रेफिक लाइटों का प्रभावी संचालन हो।

- **अवैध ई-रिक्शा संचालन पर होगी कार्रवाई**
- **समय के बाद शराब बिक्री पर होगी सख्ती**

उन्होंने कहा कि अवैध रूप से चल रही चाय की थड़ियों व कैफे आदि पर कई आपराधिक छवि वाले व मनचले भी एकत्र हो रहे हैं। इन कैफे पर लगातार गश्त हो व दस बजे बाद इन्हें बंद करवाया जाए। अवैध गतिविधियों पर नजर रखी जाए। प्रभावी रोकथाम हो। आठ बजे बाद शराब की बिक्री पर भी कार्रवाई हो।

उन्होंने बालवाहिनीं संचालन पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर सख्ती से पाबन्दी लगाई जाए। उन्हें तय समय में ही प्रवेश दिया जाए। सेवन वंडर्स, भागचन्द कोठी, बजरंगढ़ घाटी वाले बालाजी एवं अन्य स्थानों पर जाम की स्थिति रहती है। असामाजिक तत्वों एवं युवाओं द्वारा तेज गति से वाहन चला कर आमजन में खौफ पैदा किया जा रहा है। इन पर रोक लगे। शहर में कई स्थानों पर नशे की बिक्री की भी जानकारी आ रही है। इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही हो।

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की अंतिम बढ़ाने की मांग

**अजमेर,** (कासं)। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ,जन सेवा समिति, आल इण्डिया कौमी एकता कमेटी,व्यापारिक ऐसोसिएशन गंज,अखिल भारतीय जन कल्याण ट्रस्ट,पूज्य सिन्धी पंचायत सहित अन्य संगठनो के पदाधिकारियों ने महासचिव रमेश लालवानी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर परिवहन विभाग की जटिलताओं पर रोष प्रकट किया।

आल इंडिया कौमी एकता कमेटी के अध्यक्ष बदरुद्दीन कुरेशी ने बताया कि कोई भी मजदूर, ठेला चालक, थड़ीवाला, रिक्शा चालक, दुकान पर कार्य करने वाला और अन्य कोई भी नई गाडी नहीं खरीद सकता। सैकंड हैंड गाडी खरीद लेता है उसकी आर की वैधता समाप्त होने पर मध्यथ द्वारा प्रतिमाह का जुर्माना, ऑन लाईन करवाने का खर्चा, इन्श्योरेन्स,पाल्यूशन मुक्ति का प्रमाण सहित अन्य खर्चे मिलाकर इतना खर्चा हो जाता है कि जितनी रकम में वह गाडी खरीदी थी उतनी रकम हो जाती है। इतनी जटिलता से बचने के लिए हजारों लोग परेशानी महसूस कर रहे है। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के रमेश लालवानी, जन सेवा समिति के अनवर हुसैन घोसी, बदरुद्दीन कुरैशी आदि ने मांग की।

## सार-समाचार

### कार्यसमिति बैठक सम्पन्न

**सरवाड़,** (निसं.)। भारत के यशश्वी प्रधानमंत्री विश्व के लोकप्रिय जन नेता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में तीसरी बार लगातार सरकार बनने पर कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया गया ओर केंद्र के बजट व राजस्थान सरकार के बजट में केकड़ी क्षेत्र को मिली ऐतिहासिक सौगातों के लिए धन्यवाद प्रस्ताव रखा गया वही आज की मण्डल बैठक की प्रभारी रिंकू कंवर राठौड़ ने बजट पर विस्तृत जानकारी दी और केकडी क्षेत्र से निकलने वाले मागी को ग्रीन कॉरिडोर राष्ट्रीय मार्ग व 4 लेन राज्य मार्ग की स्वीकृति व 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प की जानकारी दी व केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का कार्यकर्ताओ को आव्हान किया व नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ को बधाई दी गई प्रभारी मैडम ने सभी कार्यकर्ताओं को आमजन का ध्यान रखने व अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने पर बल दिया और सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में सामंजस्य बैठाकर सत्ता व संगठन का पुल बनाने का निवेदन किया बैठक का संचालन मण्डल महामन्त्री कुशल किशोर सोनी ने किया व धन्यवाद मण्डल उपाध्यक्ष भगवान दास मुंदडा ने दिया शहर के कार्यकर्ताओ ने शहर में बढ़ रहे अपराधों व नशे पर अंकुश लगाने व नरेगा में पारदर्शिता लाने, टोल टैक्स माफ करने, वाडी का परिसीमन करने, टूटी सड़कों व नालियों को बनाने, अस्पताल की अव्यस्था को सुधारने, खेल मैदान विकसित करने, तालाबो की आवक की सफाई कराने पौधारोपण द्वारा शहर में बाग बगीचे विकसित करने पर अपने विचार रखे इस बैठक में उपाध्यक्ष धर्म दास हरवानी, भगवान भट्ट, कैलाश घारू, पूर्व मण्डल अध्यक्ष चैन सिंह पगारिया, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष अजय पारीक, पार्षद गणेश माली, प्रहलाद मांदोरिया, कालू माली, सज्जन सिंह राठौड़, छोटू भाटी, सूरज माली, इसाक राठौड़, पारस मल जैन, रौनक व्यास, बाबू आसाम, आशीष त्रिपाठी रंगलाल माली एहसान अंसारी, मुस्तफा गोरी गोपालनाथ सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**अजमेर,** (कासं)। सिन्धी भाषा में श्रीमदभागवत कथा का विस्तार से वर्णन बताते हुए चकरभाटा के कथा वाचक सन्त स्वामी बलराम द्वारा सिन्धी भाषा में कथा का श्रवण करवाते हुए श्रीकृष्ण भगवान का जन्मोत्सव कंस द्वारा पूर्व में देवकी की समस्त संतानो का वध करने सहित वृतांत सुनाया गया। श्री कृष्ण जन्म के अवसर पर श्रद्धालुओं ने नाचकर झूमकर प्रसन्नता का इजहार किया गया। कथा वाचक बलराम सनत ने श्रीरामायण का विस्तार से वर्णन बताया और राजा दशरथ को श्रवण कुमार के माता-पिता के द्वारा दिए गए श्राप से लेकर राम के बनवास जाने सीताहरण एवं रावण से युद्व के पश्चात पुनः राज्याभिषेक का वर्णन करके बताया गया। कथावाचक सन्त बलराम ने सिन्धी भाषा में बताया कि सनातन धर्म में शब्दो का अर्थ उन्ही में समाया हुआ होता है।

### गुरुवंदन कार्यक्रम का आयोजन

**अजमेर,** (कासं)। महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर के अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के स्वराज सभागार में सोमवार को दोपहर 12:15 बजे से विश्वविद्यालय में गुरुवंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में निम्बार्क पीठाधीश्वर श्रीश्याम शरण देवाचार्य महाराज श्रीजी महाराज का आर्शीवचन होगा। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनिल शुक्ला करेंगे। डीन छात्र कल्याण प्रो.सुभाष चन्द्र ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय ज्ञान परम्परा आधारित शिक्षण पर अत्यधिक जोर दिया गया है, इसी मंतव्य से इस कार्यक्रम का नियोजन किया गया है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं को आमंत्रित किया गया है।

### सजायी छप्पन भोग की झांकी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। श्री माहेश्वरी समाज श्री चारभुजा मंदिर ट्रस्ट भीलवाड़ा द्वारा बडा मंदिर में आज भजन सरिता का आयोजन किया गया, बडा मंदिर में चारभुजा नाथ के छप्पन भोग की विशेष झांकी सजाई गई। ट्रस्ट मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि इस बार का छप्पन भोग की झांकी दर्शन जगदीश चंद्र ,सुनील,अनिल जागेटिया आरसीएम वाले की ओर से आयोजित की गई। चारभुजा नाथ के मंदिर के शिखर पर ध्वजा का आयोजन किया गया जिसमें मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष उदयलाल समदानी,मंत्री छीतरमल डाड ,सत्यनारायण डाड ,केदारमल जागेटिया, रामेश्वर तोषनीवाल चंद्र सिंह तोषनीवाल, राकेश पटवारी बालमुकुंद राठी, प्रहलाद भदादा, रमेश जागेटिया सहित सैकड़ो जन उपस्थित थे चारभुजा नाथ मंदिर में प्रातः 5:30 बजे दुग्ध अभिषेक प्रातः 9 बजे से 12 बजे 56 भोग झांकी दर्शन एवं भजन सरिता, 11 बजे ध्वजा अर्पण,12:15 बजे महा आरती प्रसाद वितरण किया गया।

### दिव्यां ने 8 उपवास के प्रत्याख्यान किए

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर रत्न संघ के अष्टम पट्टधर 1008 हीराचंद्र महाराज की आज्ञानुवर्तिनी महासती दर्शनलता महाराज से दिव्या जामड़ पत्नी विजय जामड ने 8 उपवास के प्रत्याख्यान ग्रहण किए। श्री जैन श्वेतांबर संस्था वैशाली नगर में महासती दर्शन लता महाराज का चार्तुमास चल रहा है, जहां महासती कांताश्री ने जैन धर्म में तप करने का महत्व बताया। इससे पहले महासती सुप्रियाश्री ने कसायों को त्यागने के बारे में प्रवचन दिया। रविवार को स्थानक में पारसमल राकां, प्रकाश बाफना, पीएम जैन, विवेक मुणोत, हरकचंद बोथरा, चंद्रप्रकाश कटारिया, मेघराज खिंवसरा, रतनलाल सांखला, ताराचंद जामड व भंवरलाल सेठी आदि उपस्थित रहे।

### निःशुल्क उत्तर पुस्तिकाएं वितरित

**बिजयनगर,** (निसं.)। दिवंगत आयुषी राका सुपुत्री संगीता हेमचंद्र राका की 19वीं पुण्यतिथि पर बिजयनगर शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों में अध्यनरत जरूरतमन्द छात्र-छात्राओं को 12000 उत्तर पुस्तिकाए वितरित करते हुए शिक्षा के लिए प्रेरित किया। राजकीय विद्यालयों में अध्यनरत5200छात्र-छात्राओं को उत्तर पुस्तिकाएं प्रदान की गई।

# दो गुटों में बंटे शहर के एम्बुलैंस चालक

**अजमेर,** (कासं)। यातायात पुलिस द्वारा संभाग के सबसे बड़े जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के बाहर से एम्बुलैंस हटाने की कार्यवाही और प्रीपेड एम्बुलैंस बूथ व्यवस्था लागू होने के साथ ही सरकारी और निजी अस्पतालों में चलने वाली एम्बुलेंस के चालक दो गुटों में बंट गए। निजी अस्पतालों में एम्बुलैंस चलाने वाले चालकों ने अपनी अलग एसोसिएशन का गठन कर कार्यकारिणी घोषित कर दी है। एसोसिएशन में करीब 20 से अधिक एम्बुलेंस मालिक व चालक शामिल हुए, सभी ने एकमत होकर संदीप सिंह पंवार को अपना अध्यक्ष चुना है।

अजमेर शहर में संचालित होने वाली एम्बुलेंस चालकों ने एक नई एसोसिएशन का गठन किया है। रविवार को आयोजित हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए संदीप सिंह पंवार को अपना अध्यक्ष चुना। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप पंवार संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी अस्पतालों में लगने वाली एम्बुलेंस की एसोसिएशन गठन होने जा रहा है, लेकिन उन लोगों ने हमें लिखित में एसोसिएशन में शामिल होने का कोई लेटर नहीं दिया था और पूर्व में हमारे से ज्यादा कमिशन लेते थे।

- **सरकारी व निजी अस्पताल एम्बुलैंस चालकों ने बनाई अलग-अलग एसोएिसशन, पंवार बने अध्यक्ष**

## मरणोपरांत कराया नेत्रदान

**मदनगंज-किशनगढ,** (निसं)। मित्र निवास निवासी समाजसेवी सूर्यप्रकाश कोठारी के निधन पर परिजनों ने नेत्रदान कराया। क्लब100 किशनगढ़ की प्रेरणा से प्रेरित परिजनों ने जरूरतमंद को नेत्र ज्योति उपलब्ध कराने के उदेश्य को लेकर दुःखद घड़ी में पुनीत कार्य में भागीदारी सुनिश्चित की। परिवार के नेमीचंद कोठारी, नरेंद्र कुमार, अमृत कुमार, सौरभ कोठारी, महेन्द्र कुमार, बिरदीचंद, सतीश कुमार, मोनू कवाड, नेमीचंद कवाड़, पुष्पेन्द्र महणोत, राजीव चोरडिया, सम्पत मेहता, रोहित ओसवाल व अनिल जैन ने सहयोग किया। नेत्रदान की प्रक्रिया आई बैंक सोसाइटी के डॉ भरत शर्मा, कुलदीप शर्मा, आकाश ने संपन्न कराई। क्लब के श्याम अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, सुमित संचेती, पारस लूणावत, दिनेश, प्रताप कुमट, विनोद पोकरना मौजूद रहे।

# चौथे दिन भी झाडू डाउन कार्य का बहिष्कार, निकाली विरोध रैली

**शाहपुरा,** (निसं)। शाहपुरा जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष पुर्ष्पेद्र कुमार घुसर के नेतृत्व में गुरुवार शाहपुरा नगर परिषद अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस जिला शाखा व नगर शाखा द्वारा सामूहिक अवकाश में रहते हुए चोथे दिन भी झाडू डाउन कार्य का बहिष्कार रहा और, पुरानी नगर परिषद महलों के चौक से सदर बाजार होते हुए रामद्वारा तक रैली निकाल कर सरकार का ध्यान आकर्षण करवा कर सरकार से निवेदन किया गया है कि 25 जुलाई 2024 से संपूर्ण राजस्थान में प्रदेश व्यापी हड़ताल के समर्थन में वाल्मीकि समाज के परंपरागत रूप से सफाई का कार्य करते आ रहे हैं इस समाज के बेरोजगार युवाओं को सफाई कर्मचारी भर्ती में प्राथमिकता दी जाये, यह सरकार से पूर जोर मांग की गई।जिसमें शामिल इसमें वाल्मीकि समाज के सैकड़ो कार्यकर्ता बेरोजगार कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान यूनियन के मुख्य पदाधिकारी प्रदेश सदस्य सुरेश चंद्र घुसर जिला अध्यक्ष पुर्ष्पेद्र कुमार घुसर घीसू लाल घुसर , जिला कार्यवाहक अध्यक्ष निर्मल घुसर नगर अध्यक्ष त्रिलोक शंकर घुसर जिला महामंत्री जी रमेश चंद्र घुसर जिला मंत्री दिनेश कुमार लोट आदि मौजूद रहे।




**महलों के चौक से सदर बाजार होते हुए रामद्वारा तक रैली निकाली।**

## सामूहिक विवाह सम्मेलन 8 दिसम्बर को

**अजमेर,** (कासं)। ताराचंद हुंदलदास खानचंदानी सेवा संस्था श्री अमरापुर सेवा घर सिंधी समाज महासमिति, सांई बाबा मंदिर अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में अप्रवासी भारतीय सुरेश रामनानी द्वारा पत्नी पूर्णिमा रामानी की स्मृति व स्वामी हिरदाराम के प्रेरणा से श्री झूलेलाल सामूहिक विवाह सम्मेलन आगामी 8 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा।

संस्था अध्यक्ष कंवल प्रकाश किशनानी ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन सांई बाबा मंदिर अजयनगर में 8 दिसम्बर को प्रातः 9 से सायं 4 बजे तक होगा। विवाह को लेकर रविवार से पंजीयन शुरू कर दिए गए हैं। संस्था के महासचिव हरी चंदनानी ने बताया कि संस्था द्वारा पूर्व में वृद्धाश्रम व प्रशिक्षण केन्द्र जैसे सेवा के कार्य किए जा रहे है, सामूहिक वैवाहिक सम्मेलन के लिए निर्णय लेकर प्रांरम्भिक तैयारियां शुरू कर दी गई है, पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 5 नवम्बर तय की गई व पंजीयन शुल्क वर व वधु दोनों के लिए पृथक-पृथक 1100 रुपए जमा करना होगा।

# संस्था के भावी कार्यक्रमों पर हुआ विचार विमर्श

**अजमेर,** (कासं)। श्री सर्वेश्वर मित्र मंडल अजमेर की मासिक बैठक रविवार को संस्था अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में जनकपुरी गंज में आयोजित हुई। बैठक में संस्था के भावी कार्यक्रमों पर चर्चा की तथा कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए।

संस्था अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल व महासचिव प्रवीण अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक का शुभारंभ ईश वंदना के साथ हुआ। महासचिव प्रवीण अग्रवाल ने गत मासिक बैठक का कार्यवाही विवरण प्रस्तुत किया जिसका उपस्थित सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया। बैठक में संस्था अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। साथ भावी कार्यक्रमों के बारे में बताते हुए कहा कि संस्था द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत जुलाई माह के अंतिम सप्ताह में गौशाला व कबूतर शाला में हरा चारा रिजका, मक्की, ज्वार दाना आदि अर्पित कर सेवाकार्य किया जाएगा। अगस्त माह के द्वितीय सप्ताह में लाडली घर व अपना घर में सेवाकार्य, 25 अगस्त को खोड़ा गणेश में वर्षाकालीन गोठ व आमसभा का आयोजन रखा गया है। सांस्कृतिक व मनोरंजन कार्यक्रम के साथ संस्था के 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ सदस्यों का अभिनंदन भी किया जाएगा। तुलसी जयन्ती समारोह समिति अजमेर द्वारा गोस्वामी तुलसी दास जी के 527वें जन्मोत्सव तथा समिति के 55वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर 10 से 12 अगस्त तक जनकपुरी गंज में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। बैठक में संस्था के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन महासचिव प्रवीण अग्रवाल ने किया तथा अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में कैलाशचंद अग्रवाल, अध्यक्ष शैलेंद्र आदि मौजूद थे।

- **श्री सर्वेश्वर मित्र मंडल की मासिक बैठक संपन्न**

## करंट से गाय की मौत

**पुष्कर,** (निसं.)। तीर्थ नगरी पुष्कर के निकटवर्ती ग्राम बागोलाई चौराहे पर रविवार की सुबह एक गाय की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई जिसके चलते ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश उत्पन्न हो गया। देवसेना अध्यक्ष ओमप्रकाश गुर्जर ने बताया कि बाघोलाई चौराहे पर रविवार की सुबह बागोलाई निवासी नानू गुर्जर की गाय की डीपी के नीचे करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई वह दो-तीन गाय भी करंट की चपेट में आने से घायल हो गई। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस वह विद्युत विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आए दिन जानवरों की मौत करंट लगने से हो रही है लेकिन विद्युत विभाग ध्यान नहीं दे रहा है विद्युत विभाग के लापरवाही के चलते ही आज सुबह भी गाय की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। उन्होंने प्रशासन और विद्युत विभाग से नानू गुर्जर को उचित मुआवजा देने की भी मांग की है सरपंच प्रतिनिधित्व मदन गुर्जर ने भी कहा कि आए दिन देवनगर बाघोलाई में जानवरों की करंट लगने से मौत हो रही है लेकिन विद्युत विभाग ध्यान नहीं दे रहा है।

# चिकित्सा अधिकारियों की बैठक आयोजित

**अजमेर,** (कासं)। राज्य सरकार के वित्तीय वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा के तहत संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक के लिए मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने पहल तेज कर दी है। रविवार को मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया ने चिकित्सा अधिकारियों की बैठक आयोजित कर सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक के प्रस्ताव पर चर्चा की। डॉ.सामरिया ने गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.एमपी शर्मा को नोडल ऑफिसर बनया है। डॉ. सामरिया ने बताया कि गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.एमपी शर्मा की अध्यक्षता में सुपरस्पेशिलिटी ब्लॉक कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सुपर स्पेशलिटी विभागों के विभागाध्यक्षों को शामिल किया गया है।

यह कमेटी ब्लॉक के निर्माण और उसकी आवश्यकताओं के बारे में विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजेगी। प्रस्तावित सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक में कई अत्याधुनिक सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी। इसमें एक डायग्नोस्टिक विंग और एक हिमेटोलोजी विंग को भी शामिल किया गया है। उपकरणों के साथ विभिन्न रोगों की जांच और उपचार की सुविधा होगी। हिमेटोलोजी विंग में रक्त से संबंधित रोगों के निदान और उपचार के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, गेस्ट्रोएनोलॉजी, ऑन्कोलॉजी आदि विभागों की भी स्थापना की जाएगी।

- **डॉ.सामरिया ने गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.एमपी शर्मा को नोडल ऑफिसर बनया है**

# भारतीय जनता पार्टी नगर व ग्रामीण मण्डल की कार्य समिति की बैठक संपन्न

## कार्यसमिति की बैठक रॉयल वाटिका आसीन्द पर आयोजित हुई

**आसीन्द,** (निसं.)। भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल आसीन्द व ग्रामीण मंडल की कार्यसमिति की बैठक रॉयल वाटिका आसीन्द पर आयोजित हुई। भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल सिंह तँवर ने बताया कि कार्य समिति की बैठक में मुख्य वक्ता सुखलाल गुर्जर जिला उपाध्यक्ष भाजपा आसींद हुरडा विधायक जब्बर सिंह सांखला नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू आसींद विधानसभा प्रभारी अशोक तलाईच, पूर्व अध्यक्ष भंवरलाल चौरड़िया रहे मंडल अध्यक्ष फोजमल गुर्जर ने सबोधित किया।

पालिकाध्यक्ष देवीलाल साहू ने राजनीतिक प्रस्ताव का वाचन किया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह तँवर ने प्रस्ताव का कार्यकर्ताओं का हाथ खड़ा करवाकर समर्थन दिया। विधायक जबर सिंह साँखला ने कार्यकर्ता को समोधित करते हुए राजस्थान के भजन लाल सरकार द्वारा किए जा रहे जन हितार्थ कायी के बारे में अवगत कराया साथ ही आसीन्द के खारी डैम मैं पानी लाने की योजनाओं को भी कार्यकर्ता के सामने विस्तृत रखा।



**बैठक आयोजित हुई।**

कार्यकर्ताओं को कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता भाजपा के किसी कार्यकर्ताओं का काम नहीं रुके तथा कार्यकर्ताओं का सम्मान कम नहीं होगा यही मेरी प्राथमिकता है। मुख्य वक्ता सुखलाल गुर्जर ने कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार से क्षेत्र का चौहमुखी विकास होगा। भाजपा के आगामी कार्य योजना को लेकर विस्तृत चर्चा की।

भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष फोजमल गुर्जर ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा मंडल में किए गए कार्य योजनाओं को कार्यकर्ताओं के बीच रखा। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह तँवर ने बताया आसीन्द नगर मंडल में अब तक 50 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा चुका है साथ ही आमजन को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अधिक से अधिक जोड़ा जा रहा है।

मंच संचालन महामंत्री श्रवण लाल साहू ग्रामीण मंडल महामंत्री जगदीश गर्ग ने किया। कार्य समिति बैठक में पूर्व जिला कार्य समिति सदस्य उम्मेद सिंह चुण्डावत, भाजपा नेता ईश्वर लाल साहू, भाजपा महामंत्री प्रहलाद राय शर्मा चुन्नीलाल खटीक संदीप सोनवा नगर पालिका उपाध्यक्ष विक्रम सिंह चुंडावत पंचायत समिति सदस्य अमित कुमार सेन, जगदीश कुमावत, श्रवण लाल गुर्जर, सुरेश पहाड़िया, पूनम सिंह रावत, महेंद्र सिंह चारण, चरण सिंह चौधरी, सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

- **विधायक साँखला ने कहा कि भाजपा के हर कार्यकर्ताओं को काम हो तथा सम्मान मिले यह मेरी प्राथमिकता**
- **विधायक जबर सिंह साँखला ने कार्यकर्ता को समोधित करते हुए राजस्थान के भजन लाल सरकार द्वारा किए जा रहे जन हितार्थ कायी के बारे में अवगत कराया**

## नगरीय विकास मंत्री खर्रा का डीडवाना दौरा

**डीडवाना,** (निसं)। राजस्थान के नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा आज डीडवाना दौरे पर रहे। वे नागौर से सीकर जाते समय कुछ देर के लिए डीडवाना रुके थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा नेता जितेंद्र सिंह जोधा के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनसे संवाद कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस मौके पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए खर्रा ने कहा कि पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार के शासनकाल में पट्टे बनाने में भारी अनियमितताऐं बरती गई है। प्रदेश की अलग अलग नगर निकायों से फर्जी पट्टे बनाने की शिकायतें मिल रही है। डीडवाना से भी 14 पट्टे बनाकर उनकी पत्रावलियां गायब करने की शिकायत प्राप्त हुई है। इसलिए अब गलत तरीकों से जारी किए पट्टों की जांच कराई जाएगी। मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि मैने विधानसभा में भी यह बात कही है कि भूखंडधारी को 501 का पट्टा 50 हजार में मिला या 5 लाख में मिला। क्योंकि ऐसी कई शिकायतें मिली हैं जिनमें लोगों को मजबूरन ज्यादा पैसा देने पड़े हैं। खर्रा ने कहा कि मैंने सभी जनप्रतिनिधियों से भी ऐसे मामले बताने के लिए आग्रह किया है, ताकि ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच की जा सके। उन्होंने कहा कि अब तक 260 पट्टे निरस्त किए जा चुके हैं और 25 एफआईआर भी दर्ज की गई हैं।

## आशियाना धराशाई

**भीलवाड़ा,** (निसं)। कोटड़ी उपखंड क्षेत्र के कोदिया गांव में शनिवार शाम को हुई झमाझम बारिश के चलते एक बुजुर्ग विधवा महिला का आशियाना धराशाई हो गया, जिसमें बुजुर्ग विधवा महिला निवास करती थी। बारिश के चलते अलोल पत्नी भैरू सुथार का कच्चा केलूपोश घर धराशाई हो गया।

**जन्म दिनांक परिवर्तन**

मैं, प्रवीण कुमार, रैंक - HAV ग्राम बेरहाटांड़ पो0- गंगटा मोड़ जिला - मुंगेर, राज्य - बिहार है। यह कि मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माता की जन्मतिथि 01.07.1960 दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मेरी माता को सही व वास्तविक जन्मतिथि 01.09.1957 से जाना जाए।

**कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डलः अजमेर**

क्रमांकः 772 दिनांकः 26-07-2024

**जाहिर आम सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1/344 साकेत नगर ब्यावर योजना में श्री नरेन्द्र दवे पुत्र श्री गिरीवरधर दवे को आवंटित कर दिनांक 04.01.1988 को मकान का भौतिक कब्जा सौपा गया था। श्री नरेन्द्र दवे पुत्र श्री गिरीवरधर दवे ने आवास का बैचान जरिये मुख्तयारनामा, इकरारनामा, वसीयतनामा के श्री पीताम्बर पिंजानी पुत्र श्री रोचल दास को कर दिया गया। मण्डल द्वारा श्री पीताम्बर पिंजानी पुत्र श्री रोचल दास के पक्ष में नियमितिकरण के आदेश दिनांक 27.03.1995 को जारी किये गये। श्री पीताम्बर पिंजानी पुत्र श्री रोचल दास द्वारा दि. 27.03.1995 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा पंजीयन करवा लिया गया हैं। श्री पीताम्बर लाल पिंजानी की मृत्यु दिनांक 28.11.2020 एवं श्रीमती गोपी पिंजानी की मृत्यु दिनांक 04.07.2021 को हो जाने के कारण उनकी पुत्री श्रीमती जानकी छाबड़ा पत्नी श्री पुनीत छाबड़ा द्वारा मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अब श्रीमती जानकी छाबड़ा पत्नी श्री पुनीत छाबड़ा ने उक्त आवास से संबंधित मृत्यु हस्तान्तरण प्रपत्र प्रस्तुत कर आवास का आवंटन स्वंय के नाम हस्तांतरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया हैं । श्रीमती जानकी छाबड़ा पत्नी श्री पुनीत छाबड़ा का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन हैं। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। आवासीय अभियंता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड अजमेर

**कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डलः अजमेर**

क्रमांकः दिनांकः

**जाहिर आम सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1-E-20 किशनगढ़ श्री परमानन्द शर्मा पुत्र श्री दिवाकर शर्मा को आवंटित कर दिनांक 19.01.2009 को मकान का भौतिक कब्जा सौपा गया था। श्री परमानन्द शर्मा पुत्र श्री दिवाकर शर्मा द्वारा दिनांक 21.05.2012 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा पंजीयन करवा लिया गया हैं। श्री परमानन्द शर्मा पुत्र श्री दिवाकर शर्मा ने आवास का बैचान श्री पुरूषोत्तम चचलानी पुत्र श्री मनोहरलाल चचलानी को कर दिया गया। श्री पुरूषोत्तम चचलानी पुत्र श्री मनोहरलाल चचलानी ने आवास का बैचान श्री धंनजय जैसवाल पुत्र श्री राजेन्द्र मोहन जैसवाल को दिनांक- 16.01.2024 को कर दिया गया। जोकि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द सं. 1071 में पृष्ठ सं. 169 क्रम सं. 202403006100455 पर पंजीबद किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक सं. 01 जिल्द सं. 3565 के पृष्ठ सं. 253 से 267 पर दिनांक 16.01.2024 को चस्पा किया गया हैं। अब श्री धंनजय जैसवाल पुत्र श्री राजेन्द्र मोहन जैसवाल ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तांतरण करने हेतु प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया हैं। श्री धंनजय जैसवाल पुत्र श्री राजेन्द्र मोहन जैसवालव का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन हैं। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियंता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड अजमेर

# पौधारोपण टारगेट पूरा करने पर टीचर को ट्रांसफर मेरिट में पांच अंक मिलेंगे : शिक्षामंत्री

## 'जो विद्यार्थी अपना पौधारोपण का लक्ष्य पूरा करता है उसे पर्यावरण विषय में पांच अंक ज्यादा मिलेंगे'

**सीकर, (निसं)।** शिक्षा एवं पंचायतीराज विभाग मंत्री मदन दिलावर ने रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा शुरू किए गए ''हरियालो राजस्थान पौधारोपण अभियान'' के तहत पलसाना सीएचसी परिसर में 551 पौधे लगाए। पृथ्वी के बढ़ते तापमान पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि हम भट्टी के मुहाने पर बैठे हैं, कभी भी भस्म हो सकते हैं।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व के सबसे ज्यादा तापमान वाले15 शहरों में राजस्थान के सात शहर शामिल हैं। हम भट्टी के मुहाने पर बैठे हुए हैं, कभी भी जलकर भस्म हो सकते हैं। विदेशों में जहां प्रति व्यक्ति हजारों पेड़ लगे हुए हैं, वहीं राजस्थान में प्रति व्यक्ति केवल 20 पेड़ हैं, जबकि प्रति व्यक्ति 472 पेड़ होने चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पेड़ों को बचाने के लिए जोधपुर के खेजड़ली में अमृता देवी के नेतृत्व में 363 लोगों ने जान दे दी थी, लेकिन पेड़ों को नहीं काटने दिया।



शिक्षा एवं पंचायतीराज विभाग मंत्री मदन दिलावर ने ''हरियालो राजस्थान पौधारोपण अभियान'' के तहत पलसाना सीएचसी परिसर में पौधे लगाए।

- **शिक्षा एवं पंचायतीराज विभाग मंत्री मदन दिलावर ने पलसाना सीएचसी परिसर में 551 पौधे लगाये**
- **पृथ्वी के बढ़ते तापमान पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि हम भट्टी के मुहाने पर बैठे हैं, कभी भी भस्म हो सकते हैं**

ऐसे में हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि एक बार फिर उसी तरह राजस्थान में पौधारोपण के अभियान को बढ़ावा दिया जाए, जिससे की धरती का तापमान कम हो सके। शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि सात अगस्त को हरियाली तीज पर हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने हैं ताकि दुनिया देखे कि भारत माता को प्यार करने वाले राजस्थान में कितने लोग हैं और भारत माता की कितने लोगों को चिंता है। इसे रिकॉर्ड बनाने के लिए आप सभी का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस दिन प्रदेश की सात करोड़ से ज्यादा जनता पौधारोपण करें।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि जो स्कूल या फिर स्कूल का अध्यापक अपने पौधारोपण का लक्ष्य पूरा करेगा, उस अध्यापक को ट्रांसफर मेरिट में पांच अंक एक्स्ट्रा मिलेंगे। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी अपना पौधारोपण का लक्ष्य पूरा करता है उसे पर्यावरण विषय में पांच अंक ज्यादा मिलेंगे। उन्होंने कहा कि जो ग्राम पंचायत कम से कम 50 हजार पौधे लगाएगी, उसको सरकार की ओर से 10 लाख रुपए विकास निर्माण कार्य के लिए अतिरिक्त दिये जाएंगे। राजस्थान में पौधारोपण के मामले में जो पंचायत समिति प्रथम आएगी, जिसने 3 लाख से ज्यादा पौधे लगाए हैं, उन्हें 20 लाख का फंड जिला परिषद के द्वारा अलग से दिया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों का आव्हान किया कि वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए पीछे नहीं रहें।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने जिले के शिक्षा विभाग को 11 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया। शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि पौधारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारी-कार्मिक पूरी लगन से कार्य करें तथा इस संबंध में लापरवाही करने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं कार्मिकों की चार अगस्त से सभी छुट्टियां रद्द करने की बात कही।

कार्यक्रम में दांतारामगढ़ भाजपा प्रत्याशी गजानन्द कुमावत, मोटलावास सरपंच प्रभु सिंह गोगावास, गोपालजी मंदिर पलसाना के महन्त मनोहर शरण शास्त्री, पलसाना सरपंच रूप सिंह शेखावत, पलसाना प्रधान सुनिता वर्मा, सहायक निदेशक एवं विशेषाधिकारी प्रमोद शर्मा, बीसीएमओ डॉ. नितेश, अधीशाषी अभियन्ता मनरेगा रमजान अली, विनोद दाधीच, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक लालचंद नहलिया, माध्यमिक शीशराम कुल्हरी, राजपाल बिजारणियां, सांवरमल जांगिड़, मनोज जांगिड़ सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नेपाली महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## होटल पर अपने लिव-इन पार्टनर के साथ रहते हुए खाना बनाने का काम करती थी महिला

**मकराना, (निसं)।** क्षेत्र के मनाना गांव में शनिवार को एक होटल पर खाना बनाने का काम करने वाली नेपाली महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला मनाना रोड पर स्थित एक होटल पर अपने लिव-इन पार्टनर के साथ रहते हुए खाना बनाने का काम करती थी। उसके पार्टनर ने बताया कि वो बीमार रहती थी और डिप्रेशन की दवाई ले रही थी।

- **महिला के पार्टनर ने बताया कि वो बीमार रहती थी और डिप्रेशन की दवाई ले रही थी**

जानकारी के अनुसार लिव-इन पार्टनर ललित के साथ मनाना रोड स्थित कृष्णा होटल में खाना बनाने का काम करती थी। शुक्रवार रात करीब 9 बजे तबीयत खराब होने पर वह कमरे में जाकर सो गई। रात 12 बजे ललित उसके कमरे पर गया। सुबह करीब 7 बजे जब ललित ने उसे उठाने की कोशिश की तो राधा नहीं उठी। इसके बाद होटल संचालक और ललित ने उसे मनाना के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मकराना सरकारी अस्पताल में पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाया और शव को मृतका के परिजनों को सौंप दिया गया। मकराना थाना के ड्यूटी ऑफिसर जितेंद्र सिंह ने अस्पताल में पहुंचकर शव को मोर्चरी में रखवाया। मृतका के भाई सुरेश व अन्य परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम करवाया गया और शव का मकराना में अंतिम संस्कार किया गया। मृतका के भाई सुरेश पुत्र खड़के बहादुर ने पुलिस को मृग की रिपोर्ट दी है।

पिछले दो वर्षों से अपने लिव-इन पार्टनर ललित के साथ रह रही थी। ललित ने बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व राधा के पति ने उसे छोड़ दिया था और उसकी स्वयं की पत्नी ने भी उसे छोड़ दिया था। इसके बाद दोनों की पहचान हुई और वे साथ रहने लगे। ललित ने बताया कि राधा बीमार रहती थी और डिप्रेशन की दवाई ले रही थी। मृतका का भाई सुरेश मकराना में होटलों में खाना बनाने का काम करता है। उसके कहने पर राधा और ललित करीब एक महीने पहले ही मकराना के मनाना रोड स्थित होटल में काम करने आए थे। राधा के अपने पूर्व पति से एक पुत्री और एक पुत्र हैं, जबकि ललित भी शादीशुदा है। थानाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

**बीकानेर, (निसं)।** नाबालिग के साथ बलात्कार करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी निहालचन्द विश्नोई है। जानकारी के अनुसार इस आशय का मामला 29 जून को नोखा पुलिस थाने में दर्ज किया गया था। मामले में नाबालिग के परिजनों ने आरोपी निहालचन्द पर उसके साथ बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाया था। उसके बाद से आरोपी निहालचन्द फरार चल रहा था। लगभग एक माह के अंतराल के बाद आखिरकार आरोपी को पुलिस ने धरदबोचा।

# तस्कर ने पिकअप दौड़ाते हुये पुलिस की नाकाबंदी तोड़ी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले की मांडल थाना क्षेत्र में एक तस्कर ने पिकअप को दौड़ाते हुये हाइवे पर की गई पुलिस की नाकाबंदी तोड़ दी और आगे जाकर पिकअप को छोड़कर खेतों में फरार हो गया। पुलिस ने पिकअप से 363 किलो डोडा-चूरा बरामद कर केस दर्ज किया है।

- **पुलिस ने पिकअप से 363 किलो डोडा-चूरा बरामद किया**

थाना प्रभारी संजय गुर्जर ने बताया कि एरिया डोमिनेशन अभियान के चलते जाप्ता बुलाया गया था। हाइवे पर पुलिस जाप्ते को देखकर बीती देर रात एक चालक पिकअप को तेजी से भगा ले गया। शंका होने पर नानकपुरा चौकी पर नाकाबंदी करवाई गई। तस्कर ने बैरियर तोड़ दिया और पिकअप को वहां से भी भगा ले गया। इसके बाद चौकी से करीब एक किलोमीटर आगे यह तस्कर पिकअप को खड़ी कर खेतों में भाग गया। उधर, थाना प्रभारी गुर्जर भी जाब्ता के साथ पीछा करते हुये वहां पहुंच गये। पुलिस ने तस्कर की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। पिकअप की तलाशी लेने पर उसमें डोडा-चूरा मिला, जिसका वजन 363 किलो पाया गया, जिसे पिकअप सहित जब्त कर केस दर्ज कर लिया गया।

## कोचिंग छात्रा के साथ निकाह

**बीकानेर, (निसं)।** एक कोचिंग छात्रा को डरा-धमकाकर उसके साथ निकाह करने, दुष्कर्म करने तथा गर्भ गिराने का मामला सामने आया है। इस की रिपोर्ट पीड़िता ने सदर पुलिस थाने में दी है। रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि वह एक कोचिंग क्लासेज में जाती थी। आरोप है कि इस दौरान समीर दावर उसकी रैकी करता था। आरोप है कि 14 मई को आरोपी ने इस कोचिंग छात्रा को रोककर अपनी अपराधिक हिस्ट्री बताई। आरोप है कि आरोपी ने उसको डरा-धमकाकर जबरन फर्जी तरीके से उसके साथ निकाह कर लिया। आरोप है कि उसको घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ मारपीट की जिससे उसका गर्भ गिर गया।

# लाखों की ड्रग सहित तस्कर गिरफ्तार

## स्लीपर बस में झालावाड़ से जोधपुर तस्करी की जा रही थी ड्रग

**ब्यावर/जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की सूचना पर ब्यावर जिले की बर थाना पुलिस ने झाला चौकी के पास नाकाबंदी में रविवार सुबह एक स्लीपर कोच बस में सवार तस्कर भंवरलाल बिश्नोई पुत्र खमुराम (40) निवासी कंवरजी की खेजड़ी थाना ओसियां जिला जोधपुर को गिरफ्तार कर 200 ग्राम एमडीएमए ड्रग सहित एक आईफोन जब्त किया है। जब्त की गई ड्रग की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपए बताई गई है।

- **तस्कर से 200 ग्राम एमडीएमए ड्रग व एक आईफोन जब्त**

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि उपम् हानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एजीटीएफ विद्याप्रकाश के सुपरविजन एवं पुलिस निरीक्षक सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में इनामी, वांछित अपराधियों, गैंगस्टर इत्यादि के बारे में आसूचना के संकलन के लिए हैड कांस्टेबल महेश कुमार, नरेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, महावीर शेखावत व कांस्टेबल नरेश कुमार व सुरेश कुमार की एक टीम पूर्वी राजस्थान की ओर रवाना की गई। इसी दौरान टीम के सदस्य हैड कांस्टेबल महेश कुमार एवं महावीर सिंह शेखावत को सूचना मिली कि एक व्यक्ति झालावाड़ से एमडी ड्रग तस्करी कर प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ होते हुए जोधपुर में सप्लाई करने ले जाता है। इस सूचना को टीम द्वारा तकनीकी संसाधनों द्वारा विकसित कर शनिवार रात बस का पीछा किया गया, लेकिन टीम और बस में काफी दूरी होने और माल खुर्द होने की आशंका पर ब्यावर जिले की बर थाना पुलिस को सूचना दी गई कि जोधपुर नंबर की एक स्लीपर बस ब्यावर से झाला चौकी की तरफ आ रही है, जिसकी सीट नंबर सात पर बैठे व्यक्ति के पास काफी मात्रा में ड्रग है।



एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की सूचना पर ब्यावर जिले में बर पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार किया।

सूचना पर रविवार सुबह बर थाना पुलिस की टीम ने झाला चौकी पर नाकाबंदी कर बताए गए नंबर की स्लीपर बस को रुकवाया और सीट पर बैठे हुए आरोपी भंवरलाल बिश्नोई की तलाशी ली गई तो उसकी जेब में रखी प्लास्टिक की थैली से 200 ग्राम एमडीएम ड्रग जप्त की गई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने झालावाड़ के डग थाना क्षेत्र में शेखपुर निवासी श्याम सिंह राजपूत से उक्त एमडीएमए ड्रग खरीद कर बेचने के लिए जोधपुर ले जाना बताया है। मामले का अग्रिम अनुसंधान थाना सेन्दड़ा पुलिस द्वारा किया जा रहा है। संपूर्ण कार्रवाई में हैड कांस्टेबल महेश कुमार, रविंद्र सिंह एवं महावीर सिंह शेखावत की विशेष भूमिका, हैड कांस्टेबल कमल सिंह व कांस्टेबल सोहन सिंह की तकनीकी भूमिका एवं हैड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, राकेश जाखड़ व कांस्टेबल नरेश कुमार व चालक सुरेश कुमार का सहयोग रहा। आरोपी की गिरफ्तारी में बर एसएचओ रूडाराम मय जाब्ता शामिल थे।

# रिफाइनरी एरिया में चोरी करने वाली गैंग पकड़ी, लाखों का माल बरामद

**बालोतरा, (निसं)।** पचपदरा पुलिस ने रविवार को रिफाइनरी एरिया में चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश कर चोरी में लिप्त गैंग के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लोहे का स्क्रेप, तांबे व एलुमिनियम की केबल कुल वजनी 10 क्विंटल मय चोरी की वारदात में प्रयुक्त वाहन बोलेरो कैंपर जिनकी कुल कीमत दस लाख रुपये है, बरामद किए हैं।

- **लोहे का स्क्रेप, तांबे व एलुमिनियम की केबल, वारदात में प्रयुक्त बोलेरो कैंपर बरामद**

बालोतरा पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया ने बताया कि अमराराम निपु थानाधिकारी पचपदरा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने रिफाइनरी एरिया से चोरी करने में लिप्त गैंग का पर्दाफाश कर गैंग के चार सदस्यों राहुल, भोमाराम, प्रेमसुख व श्यामप्रताप को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से लोहे का स्क्रेप, तांबे व एलुमिनियम की केबल कुल वजनी 10 क्विंटल मय चोरी की वारदात में प्रयुक्त वाहन बोलेरो कैम्पर जब्त की है।

जानकारी के अनुसार पुलिस कसे मुखबिर सूचना मिली कि रिफाइनरी एरिया से चोरी कर चोरी का माल वाहन कैंपर में भरकर लेकर जा रहे हैं। ईत्तला की तस्दीक करने व अग्रीम कार्यवाही करने के लिए दुर्गाराम उनि. पुलिस थाना पचपदरा मय जाब्ता के सरहद सांभरा में नेशनल हाईवे पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी में वाहन कैंपर को चैक करने पर वाहन में सवार चोरी करने की गैंग के सदस्यों द्वारा रिफाइनरी एरिया से चोरी कर माल वाहन में भरकर परिवहन करने पर आरोपियों द्वारा संगठित रूप से एक गिरोह बनाकर रिफाइनरी में लगातार चोरियां करने पर पुलिस ने लगातार निगरानी रखी जा रही थी। गिरफ्तार आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण पंजिबद्ध कर अन्य मुलजिमानों के संबंध में पूछताछ जारी है। गिरफ्तार आरोपियों में राहुल चौधरी पुत्र सोहन लाल जाट निवासी मानपुरा रामसर पुलिस थाना रामसर, भोमाराम पुत्र डुगरराम जाट निवासी आडेल पुलिस थाना आरजीटी बाडमेर, प्रेमसुख पुत्र बाबुलाल जाटनिवासी रामसर पुलिस थाना रामसर जिला बाडमेर, श्यामप्रताप पुत्र रामाराम जाट निवासी किशने का तला बाटाडु पुलिस थाना नागाणा है।

# स्कॉर्पियो की टक्कर से जीजा-साली की मौत

## दो बच्चे घायल, राहगीरों ने चिकित्सालय पहुंचाया

**सूरतगढ़, (निसं)।** सूरतगढ़-हनुमानगढ़ फोरलेन स्थित रामपुरा रंगमहल के पास सुबह करीब साढ़े दस बजे स्कॉर्पियो गाड़ी की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार जीजा-साली की मौत हो गई, जबकि दो बच्चे घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि स्कॉर्पियो गाड़ी से टकराने के बाद बाइक करीब एक सौ फीट दूरी तक चली गई। हादसे के बाद वहां राहगीरों व ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। हादसे की सूचना मिलने पर डीएसपी प्रतीक मील, सिटी थानाधिकारी दलीप सिंह, हैड कांस्टेबल सुनील कुमार बाबल आदि मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों को शांत करवाया।

- **हादसा इतना भीषण था कि स्कॉर्पियो गाड़ी से टकराने के बाद बाइक सौ फीट दूरी तक चली गई**

राहगीरों की मदद से घायल एक बच्ची को ट्रोमा सेंटर व एक बच्चे को निजी चिकित्सालय लाया गया। ट्रोमा सेंटर में चिकित्सकों ने घायल बच्च्चे का प्राथमिक उपचार किया तथा हालत गंभीर होने पर उसे श्रीगंगानगर रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरे बच्चे को निजी चिकित्सालय की आईसीयू इकाई में भर्ती किया गया है। पुलिस ने मृतक के साले की रिपोर्ट पर स्कॉर्पियो गाड़ी चालक के खिलाफ वाहन को तेज व लापरवाही से चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया। दोपहर बाद पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

सिटी थानाधिकारी दलीप सिंह ने बताया कि सुबह करीब साढ़े दस बजे सिरामसर पीलीबंगा निवासी राजू पुत्र लक्ष्मी साहनी, अपनी साली रजनी पत्नी अनिल, रजनी के पुत्र कर्ण व अर्जुन को मोटरसाइकिल से सूरतगढ़-हनुमानगढ़ फोरलेन मार्ग से सूरतगढ़ की तरफ लेकर आ रहा था। इस दौरान चक एक आरपीएम रामपुरा रंगमहल के पास पीछे से आ रही स्कॉर्पियो गाड़ी ने टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि स्कॉर्पियो गाड़ी से टकराने के बाद बाइक को घसीटकर ले गई। वही स्कॉर्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर नीचे उतर गई। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं बाइक चालक राजू व उसकी साली रजनी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रजनी के दोनों पुत्र कर्ण व अर्जुन घायल हो गए।

## तीन साल बालक में चांदीपुरा वायरस की पुष्टि हुई

**डूंगरपुर, (निसं)।** गत 15 जुलाई को ग्रामीण क्षेत्रों के दो बच्चों में बुखार, उल्टी-दस्त तथा टूटन के लक्षण के बाद जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। साथ ही शिशु रोग चिकित्सकों द्वारा उन बच्चों में वर्तमान में चल रहे चांदीपुरा वायरस के लक्षण का अंदेशा होने पर 18 जुलाई को उनका रीढ़ की हड्डी से पानी का सैंपल लेकर जांच के लिये उदयपुर और वहां से पुणे के लिये भेजा गया था, जहां से 27 जुलाई को एक तीन साल बालक में चांदीपुरा वायरस की पुष्टि हुई जबकि उस बालक को जांच रिपोर्ट आने से पूर्व ही स्वस्थ होने का प्रमाण देकर वार्ड से छुट्टी कर दी गई। वायरस को लेकर राज्य सरकार ने गाईडलान जारी कर दि थी कि वायरस को लेकर विद्यालयो में जागरूकता फैलाई जाये कि, बुखार, उल्टी-दस्त, शरीर में टूटन, ऐंठन होने के लक्षण पर तत्काल इसकी जांच कराई जायें लेकिन चिकित्सा विभाग ने किसी प्रकार की जागरूकता नहीं दिखाई और न ही प्रशासन ने कोई वायरस के प्रति अपनी गंभीरता दिखाई।

- **भर्ती मरीज दो दिन पूर्व ही चिकित्सालय से डिस्चार्ज हुआ**
- **विद्यालयों के लिये न कोई गाइड लाइन और न ही कोई जागरूकता**

# पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला करने का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

## चम्बल नदी से प्रतिबंधित बजरी का दोहन एवं परिवहन करने वाला माफिया भी है आरोपी

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर शहर की सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो एक बजरी माफिया है। एसपी धौलपुर की ओर से इसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था।

थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी रामकेश पुत्र रामगोपाल उर्फ गोपाल गुर्जरनिवासी मानपुर थाना सदर धौलपुर को गिरफ्तार किया है, जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक धौलपुर की ओर से 10 हजार का ईनाम घोषित किया गया था। आरोपी गोपाल गुर्जर चम्बल नदी से प्रतिबंधित रेता/बजरी का दोहन एवं परिवहन करने वाला माफिया भी है। उसी रेता के प्रकरण में आठ आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।

थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि 19 मार्च को तीन ट्रैक्टर जिनमें अवैध चंबल रेता/बजरी भरी हुई थी। जाटौली की तरफ से आ रहे थे। उच्चाधिकारियों के निर्देशन में तीनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का राजाखेड़ा बाईपास से पीछा किया गया, जो ओंडेला रोड होते हुए गांव ठकुरी का पुरा, ओदी का पुरा, मानपुरियों का पुरा में पहुंच गये, जहां रेता माफियाओं ने पुलिस की घेराबंदी की और पुलिस पर पत्थर फैंकने के साथ जान से मारने की नीयत से ट्रैक्टर-ट्रॉली चढ़ाने की कोशिश की। रेता माफियाओं ने राजकार्य में बाधा पहुंचाई और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को लेकर फरार हो गए। तब इनके खिलाफ वन्य जीव सरंक्षण अधिनियम, फॉरेस्ट एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। उसी मामले में कार्रवाई करते हुए ईनामी आरोपी गोपाल गुर्जर को गिरफ्तार किया है, जिससे मामले में पूछताछ की जा रही है। इस दौरान पुलिस की कार्रवाई टीम में थाना प्रभारी रामनरेश मीणा के साथ एएसआई यादराम, कांस्टेबल गणेश कुमार, अरूण कुमार, जीतेन्द्र सिंह, विजय सिंह और क्यूआरटी टीम के कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह, हजारीलाल, रूपेन्द्र सिंह शामिल रहे।



धौलपुर शहर की सदर थाना पुलिस ने ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया।

- **आरोपी ने मानपुरियों के पुरा में पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला किया था**
- **एसपी धौलपुर की ओर से गिरफ्तारी पर 10 हजार का ईनाम घोषित था**

# कांग्रेस ने देश को धर्म और जाति के नाम पर बांटने का काम किया : मनोहर लाल खट्टर




**केंद्रीय बजट 2024-25 की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को जयपुर के एक निजी होटल में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान राज्य के उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।**


- ‘पीएम मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गांव, गरीब, किसान और महिलाओं के विकास को केंद्रित करते हुए तैयार किया बजट’
- ‘केंद्रीय बजट में राजस्थान के विकास के साथ विरासत के विकास पर किया गया फोकस, पर्यटन के क्षेत्र में पूरे भारत में राजस्थान का विशेष दर्जा’

**जयपुर।** केंद्रीय बजट 2024-25 की जनकल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज राजधानी जयपुर के एक निजी होटल में केंद्रीय ऊर्जा एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गांव, गरीब, किसान और महिलाओं के विकास को केंद्रित करते हुए बजट पेश किया। एक ओर कांग्रेस पार्टी है जिसने देश को जाति और धर्म के नाम पर बांटने का काम किया है, चुनावों में संविधान में आरक्षण समाप्त करने की अफवाह फैलाई, वहीं दूसरी ओर भाजपा है जहां विकास करने के लिए 4 जातियां बांटी गई है। इनमें गांव, गरीब, किसान और महिला को शामिल किया गया है। केंद्र के बजट में गांवों के विकास के साथ गरीब और जरूरतमंद को रोजगार, किसान की आय में बढ़ोतरी के साथ देश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की रूपरेखा तैयार की गई है।

खट्टर ने कहा कि केंद्रीय बजट में इन्फ्राटेक्चर, टूरिज्म, शहरी विकास, उद्योग और ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य की भी रूपरेखा बनाई गई है। इसमें केंद्र सरकार के साथ प्रत्येक राज्य, जिला और गांव की भी भूमिका होगी। केंद्र सरकार का यह बजट देश हित के साथ प्रदेश के हित में और आम लोगों के हित में तो है ही, इसके साथ देश को आत्मनिर्भर बनाने वाला है। बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन का भी ध्यान रखा है। देश की 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में से राजस्थान की 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था अगले पांच सालों में होनी है। केंद्र ने राजस्थान में विशेष रूप से इन्फ्राटेक्चर, उद्योग, ऊर्जा और पर्यटन के विकास पर फोकस किया है।

खट्टर ने कहा कि केंद्रीय बजट राजस्थान में विकास के साथ विरासत के विकास का भी ध्यान रखा गया है। राजस्थान पर्यटन के क्षेत्र में पूरे भारत में विशेष स्थान रखता है। पर्यटन के क्षेत्र में पूरे देश की जीडीपी का 5 फीसदी राजस्थान कवर करता है। केंद्रीय बजट में उद्योग पर निवेश को ध्यान में रखते हुए 12 नए औद्योगिक पार्क डवलप करने की घोषणा की है, इनमें से 1 राजस्थान के जोधपुर-पाली मारवाड पार्क भी है। इसके डवलपमेंट से प्रदेश में रोजगार का सजृन होगा। केंद्र सरकार ने बजट में कई योजनाएं शुरू की है जिनसे प्रत्येक परिवार को रोजगार मिल सकें। युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, शिल्पकारों, कारीगरों और गरीब लोगों को पीएम रोजगार योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना और पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना जैसी कई योजनाएं चलाई जा रही है। बजट में रेलवे के लिए 9 हजार करोड़ से अधिक का ग्रांट जारी किया गया।

प्रेसवार्ता के दौरान मंच पर राजस्थान के उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, जयपुर सांसद मंजु शर्मा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच और भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ उपस्थित रहें।



**शिवमय हुई छोटी काशी : सावन के पहले रविवार को शिव भक्त गलता तीर्थ से कावड़ में जल भर कर अपने यहाँ स्थित शिवालयों में अभिषेक करने के लिए रवाना हुए। बम बम भोले के जयकारों के साथ कावड़ यात्री गलता से डमरू, ढ़ोल और ताशे बजाते हुए निकले।** फ़ोटो : दिनेश भारद्वाज

# केंद्रीय बजट को लेकर विपक्ष भ्रम फैलाने का कार्य कर रहा है : खट्टर

**जयपुर।** केंद्रीय ऊर्जा और आवासन एंव शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में केंद्रीय बजट पर परिचर्चा आयोजित की गई। बजट पर परिचर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए पीएम मोदी ने देश की आजादी के 75 साल के बाद के 25 साल को अमृत काल बताते हुए देश की उन्नित और विकास के लिए कार्य शुरू कर दिया है। विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए महिला, युवा, किसान और गरीब के विकास के लिए इस बार बजट में नई पहल की गई है। भाजपा की नीति भी अन्तोदय की है। समाज और देश का विकास करना है तो अंतिम पंक्ति का उदय करना है। फिर चाहे वो अन्तोदय परिवार का हो, समाज का हो, जिले का हो या फिर देश का हो। हमें सब का साथ और सब का विकास की नीति पर कार्य करना होगा।

खट्टर ने कहा कि केंद्रीय बजट को लेकर विपक्ष भ्रम फैलाने का कार्य कर रहा है। जनता के बीच कांग्रेसी नेताओं द्वारा सिर्फ झूठ और भ्रम फैलाया जा रहा है यह राजनैतिक बेईमानी है। कांग्रेस के झूठ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कांग्रेस ने 40 करोड लोगों को सालाना 1 लाख रूपए देने का वादा किया। इस हिसाब से कुल 40 लाख करोड़ रुपए बांटे जाते जबकि देश का बजट ही 48 लाख करोड़ रूपए का है तो यह संभव ही नहीं हो सकता था। यह कांग्रेस का आंकड़ों का झूठ है जो फैलाया गया। ऐसे में भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को कांग्रेस के झूठ को उजागर करते हुए केंद्र सरकार की नीति और रीति को जन जन तक पहुंचाना चाहिए।

बजट पर परिचर्चा के दौरान कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बजट को दूरगामी सोच वाला बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार का बजट विकसित भारत 2047 के सपने को पूरा करने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में सिस्टम को सही किया, दूसरे कार्यकाल में विरासत और विकास पर कार्य हुआ और तीसरे कार्यकाल में स्पीड और स्केल पर कार्य किया जाएगा।

बजट पर परिचर्चा कार्यक्रम में जयपुर सांसद मंजु शर्मा ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर का आभार व्यक्त किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया, मुकेश दाधीच, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, मेयर सौम्या गुर्जर, भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, भाजपा के प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित भाजपा पदाधिकारी एंव समाज के विभिन्न वर्गों से आए प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# ‘कांग्रेस ओ.पी.एस. व संविधान पर राजनीति कर रही है’

**जयपुर।** देश के ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर का कहना है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो बजट पेश किया है, उसका राजस्थान को भी फायदा मिलेगा। उन्होंने कांग्रेस पर पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) और संविधान के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। साथ ही कहा कि राजस्थान और हरियाणा के बीच हुए यमुना जल समझौते के तहत राजस्थान को अतिरिक्त पानी मिलेगा। दरअसल, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और मोदी सरकार के मंत्री मनोहर लाल खट्टर रविवार को जयपुर पहुंचे।

पत्रकारों से बातचीत में खट्टर ने कहा कि बजट में हार राज्य और सभी वर्गों को तवज्जो दी गई है। खट्टर ने कहा कि हरियाणा में आगामी दिनों में होने वाले चुनाव में भाजपा सरकार बनाएगी। यमुना जल समझौते के सवाल पर उन्होंने कहा कि 24 हजार क्यूसेक पानी के अलावा जो अतिरिक्त पानी होगा। वह पानी अन्य राज्यों को सप्लाई किया जाएगा। बारिश में जो अतिरिक्त पानी आता है, उसे राजस्थान में स्टोर करके यहां काम में लिया जा सकेगा। साथ ही एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) को लेकर कांग्रेस राजनीति कर रही है। उन्होंने संविधान को लेकर भी कांग्रेस पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि जब देश में आपातकाल लागू किया गया था, तो क्या वह संविधान के अनुरूप था।

लाल खट्टर ने कहा कि हरियाणा में भले ही भाजपा की सीटें कम हुई हैं, लेकिन वोट प्रतिशत कम होने के बजाए बढ़े ही हैं। वे बोले, 2014 में भाजपा का वोट शेयर 34 फीसदी था, तब 47 सीटें आई थी, जबकि 2019 में वोट शेयर बढ़कर 37 फीसदी हुआ, लेकिन सीट 40 ही रह गई। एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के तौर पर नए व्यक्ति को मौका देने के लिए उन्होंने ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया था।

# वंशावली लेखकों की बढ़ती दूरियों को कम करने का प्रयास करना होगा : अरूणकांत



**पाथेय कण के सभागार में आयोजित अखिल भारतीय वंशावली संरक्षण एवं संवर्द्धन संस्थान के स्थापना दिवस समारोह में वंशावली लेखकों को सम्मानित किया गया।**

- वंशावली एकेडमी राजस्थान में फिर से होगी शुरू : सराफ

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं अखिल भारतीय धर्म जागरण सह प्रमुख अरूणकांत ने कहा कि पुराने काल से ही वंशावली की परम्परा हमारे देश में चली आ रही है लेकिन आज वंशावली लेखकों में दूरियां बढ़ती जा रही हैं, जिसको हम सब मिलकर कम करने का प्रयास करेंगे।

वे रविवार को पाथेय कण के सभागार में आयोजित अखिल भारतीय वंशावली संरक्षण एवं संवर्द्धन संस्थान के स्थापना दिवस समारोह को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संस्थान के कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर जुड़कर वंशावली को बेहतर करने का काम करना होगा, जिससे कि सभी लोगों को अपने वंश के बारे में विस्तार से जानकारी मिल सके, अभी इस समय पूरे देश में 4200 वंशावली लिखने वाले वंशलेखकों के नामों की वंशावली दिग्दर्शिका संस्थान के पास है, जिसमें राजस्थान से सबसे अधिक 2500 वंशलेखकों का डाटा कलेक्शन है, लेकिन अभी पूरे देश के वंशलेखकों का डाटा संस्थान के पास नहीं है, जिसको एकत्रित करने का काम तेजी से किया जा रहा है, जल्द ही सभी वंशलेखकों का डाटा संस्थान के पास उपलब्ध होगा।

अरूणकांत ने कहा कि संस्थान अब दो समारोह के माध्यम से देशभर के वंशलेखकों को एक साथ जोड़ने का काम करने जा रहा है, जिससे वंशलेखकों का तथ्यात्मक डेटा एक जगह एकत्रित हो जायेगा, उन्होंने कहा कि संस्थान का स्थापना दिवस समारोह आगामी दिनों से जिले स्तर पर आयोजित होगा, इसके साथ ही सरस्वती पूजन कार्यक्रम बसन्त पंचमी पर किया जायेगा, इन दोनों समारोह में वंशलेखकों को जोड़ने का काम होगा।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक कालीचरण सराफ ने कहा कि वंशावली लेखन का काम सतयुग, द्वापरयुग के बाद आज कलयुग में भी हो रहा है और आज इसको डीजिटल माध्यम से जोड़ते हुए प्रभावी बनाये जाने की जरूरत है।

समारोह के विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने कहा कि आज का युग डीजिटल का है, जिसका उपयोग वंशावलियों को संरक्षित करने के लिए किया जाना चाहिए।

अखिल भारतीय वंशावली संरक्षण एवं संवर्द्धन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमेश्वर ब्रह्मभट्ट ने संस्थान के बारे में प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए कहा कि वंशावली के माध्यम से हिन्दू समाज को टूटने से बचाया जा सकता है और यह काम संस्थान बखुबी निभा रहा है, जिसके माध्यम से लोगों को एक-दूसरे से ओर अपनो से अपने को जोड़ने का काम किया जा रहा है।

समारोह में अतिथियों ने वंशावली लेखन करने वाले सत्यनारायण जागा, नवरंग लाल जागा, महावीर सिंह, रूप सिंह राव सहित युवा वंशावली लेखकों का का सम्मान किया गया।

इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक माणक चन्द और जन कल्याण संस्थान के अध्यक्ष बाबुलाल शर्मा का विशिष्ट सम्मान किया गया। कार्यक्रम में गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय के गांधीवादी विचारक एवं शांति अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जनक सिंह मीणा ने अतिथियों को भारत के स्वातन्त्र समर के जनजातीय नायकों की वीरगाथा नामक पुस्तक भेंट की।

# युवा कांग्रेस को पदाधिकारियों के लिये 700 नए आवेदन मिले

**जयपुर, (का.प्र.)।** राजस्थान युवा कांग्रेस में बड़े बदलाव के तहत 700 नए आवेदनकर्ताओं में से प्रदेश महासचिव, प्रदेश सचिव और विधानसभा अध्यक्षों का चयन किया जाएगा। पिछले दिनों पूरे प्रदेश में निष्क्रिय पदाधिकारी को पदों से हटा दिया गया था। अब उन पदों के लिए नए आवेदन लिए गए हैं।

इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए राजस्थान युवा कांग्रेस ने इंदिरा गांधी भवन में मंथन बैठक का आयोजन किया। बैठक में प्रदेश महासचिव, प्रदेश सचिव, प्रदेश समन्वयक, विधानसभा अध्यक्ष, विधानसभा कार्यकारी अध्यक्ष पद के लिए प्रदेशअध्यक्ष विधायक अभिमन्यु पूनिया और कार्यकारी अध्यक्ष सुधीन्द्र मूंड तथा यशवीर सूरा की उपस्थिति में आवेदन लिए गए। इन सभी पदों के लिए करीब 700 आवेदन आए हैं। इन आवेदनों पर प्रदेशअध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष मंथन करेंगे और मेरिट के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर राष्ट्रीय प्रभारी मोहम्मद शाहिद और सह प्रभारी अरुणा महाजन को सौंपेंगे। इसके बाद प्रदेश से लेकर विधानसभा स्तर तक एक नए लोगों को युवा कांग्रेस में जिम्मेदारी मिलेगी।

नए आवेदनों में से 79 नए विधानसभा अध्यक्ष, 66 कार्यकारी विधानसभा अध्यक्ष समेत बाकी को प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही आज इस बैठक में युवा कांग्रेस की ओर से आने वाले दिनों में राजस्थान सरकार को किस तरह घेरा जाएगा। इस बारे में विचार किया गया।

## राजस्थान से प्रतिनिधित्व के लिये केन्द्र का आभार जताया

**जयपुर।** राजस्थान के दो नेता गुलाब चंद कटारिया को पंजाब का राज्यपाल व चंडीगढ़ केन्द्रशासित का प्रशासक तथा ओम प्रकाश माथुर को सिक्किम के राज्यपाल बनाये जाने की घोषणा पर भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू मंगोड़ीवाला ने हर्ष व्यक्त करते हुये राष्ट्रपति का आभार जताया है। प्रदेश संयोजक राजू मंगोड़ीवाला ने कहा कि पूर्व में भी उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जैसे महत्वपूर्ण पद व केन्द्र सरकार में चार केन्द्रीय मंत्री केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव, संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत,.कानून व न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल व केन्द्रीय किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी की भागीदारी से राजस्थान को मज़बूती प्रदान की है।

## 251 पेड़ लगाए, सुरक्षा भी करेंगे

**जयपुर।** टीम 39 जहां चाह-वहां राह जन कल्याण ट्रस्ट एवं पानीपेच रोड व्यापार मंडल समिति ने रविवार को इंद्रा कॉलोनी पार्क, माधो कानन पार्क, अजमीढ स्वर्णकार पार्क, डी-पार्क, डेजर्ट कॉलोनी में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया । टीम ने 251 पेड़-पौधे लगाए और उनकी सुरक्षा का संकल्प भी लिया।

## मनु भाकर को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर को 10 मीटर महिला एयर पिस्टल शूटिंग में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि भाकर का शानदार प्रदर्शन के जरिए कांस्य पदक जीतना पूरे देश के लिए ऐतिहासिक पल है। साथ ही, निशानेबाजी में ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला का गौरव हासिल करना भी उनकी सफलता को विशिष्ट बनाता है। इससे देश की नारी शक्ति को खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने की प्रेरणा मिलेगी।

## प्रेस क्लब गोठ का आयोजन

**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब की पारिवारिक गोठ का रविवार को आयोजन हुआ। प्राकृतिक सौन्दर्य के बीच सुशोभित श्री निवास के बालाजी पवित्र स्थल पर रविवार को क्लब परिवार के साथ मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ एवं हवा महल विधायक बाल मुकुन्द आचार्य ने गोठ में भाग लिया।

# दो दिन बिना सोए डॉक्टर्स की मेहनत रंग लाई

- बाड़मेर निवासी मरीज के हार्ट ट्रांसप्लांट कर नया जीवन दिया

**जयपुर।** प्रदेश के सबसे बड़े एसएमएस अस्पताल ने एक बार फिर चिकित्सा के क्षेत्र में नया इतिहास रच दिया है। डॉक्टरों ने दो दिन बिना सोए कड़ी मेहनत के बाद बाड़मेर निवासी पूजा सैन का सफल हार्ट ट्रांसप्लांट कर नया जीवनदान दिया। उनके हार्ट ट्रांसप्लांट की जटिल प्रक्रिया ने पूरे राज्य में चिकित्सा सेवाओं के उच्चतम स्तर का उदाहरण पेश किया है।

प्रदेश के चिकित्सकों ने बाड़मेर निवासी पूजा सैन को नया जीवनदान दिया है। पूजा सैन की सफल हार्ट सर्जरी एसएमएस अस्पताल में की गई। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार पूजा सैन का हार्ट पूरी तरह डैमेज हो चुका था, जिसके बाद चिकित्सकों ने परिजनों को हार्ट ट्रांसप्लाट करने की सलाह दी थी। ऐसे में डॉक्टर्स की सलाह पर परिजनों ने पूजा के हार्ट ट्रांसप्लाट के लिए अनुमति दी।

परिजनों की अनुमति के बाद एसएमएस कॉलेज के प्राचार्य दीपक माहेश्वरी ने कागजी कार्रवाई पूरी कर जयपुर की टीम सुबह जोधपुर के लिए रवाना हुई। जिसके बाद हार्ट को जोधपुर से जयपुर एयरपोर्ट लाया गया और फिर पुलिस की मदद से जयपुर एयरपोर्ट से ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एसएमएस अस्पताल तक लाया गया।

डॉ. राजकुमार यादव की टीम ने बांगड़ परिसर में इस जटिल सर्जरी को सफल बनाया। सर्जरी के सफल होने के बाद पूजा की हालत स्थिर बताई जा रही है और फिलहाल डॉक्टर्स की देखरेख में मरीज को वेंटिलेटर पर रखा गया है। डॉ राजकुमार यादव का कहना है कि ये उपलब्धि पूरे अस्पताल की है और राज्य के लिए ये गर्व की बात है। वहीं, मरीज पूजा की सफल हार्ट सर्जरी के बाद एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ दीपक माहेश्वरी भी बांगड़ परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने हार्ट प्रत्यारोपण वार्ड में जाकर मरीज की स्थिति जानी और सर्जरी की सफलता पर डॉक्टर्स की टीम को बधाई भी दी।





**उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ से मुलाकात कर उनको शुभकामनाएं दी।**

## गौवंश पर तेजाब फेंका, मामला दर्ज

**जयपुर।** बस्सी थाना इलाके में गौवंश पर तेजाब फेंक कर जलाने का मामला सामने आया है। तेजाब से जली गायों का हिंगोनिया गौशाला में उपचार किया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने कुछ संदिग्ध युवकों को पकड़कर उनसे पूछताछ कर रही है। घटना के सम्बंध में पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया की बहू ने मामला दर्ज करवाया है। घटना दौलतपुरा गांव की है। घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

पुलिस के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया की बहू आभा पहाड़िया ग्राम दौलतपुरा में अपनी जमीन की देखरेख के लिए गई थी। वहां पर खेत में जली हुई गायों को देख पुलिस और नगर निगम को सूचना दी। इसके बाद एनजीओ की मदद से गायों को हिंगोनिया गौशाल में शिफ्ट कराया गया। आभा पहाड़िया ने बताया कि वह अपने पुत्र वरुण पहाड़िया और वैभव पहाड़िया के साथ खुद की जमीन को देखने के लिए गांव आई हुई थी। गांव में हमने देखा एक गाय की चमड़ी जली हुई थी। चमड़ी पर कीड़े पड़े हुए थे। तब हमने अपने गार्ड कमलेश से मालुम किया तो उसने बताया कि बहुत सारी गायों पर गांव वालों ने तेजाब फेंक दिया है। इससे उनके घाव हो गए हैं। मामले की सूचना पर हैरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर ने एम्बुलेंस उपलब्ध करवाई। गांव वालों से पूछताछ करने पर पता चला कि हनुमान मीणा व उसके साथियों ने गाय पर तेजाब फेंका है। इस पर बस्सी थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# बदमाशों ने मारपीट कर युवक से कार छीनी

## नारायण सिंह सर्किल पर गाड़ी को साइड देने की बात पर हुआ था झगड़ा

- अशोक नगर इलाके में भी बाइक सवार दो बदमाश युवक के हाथ पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीनकर ले गए

**जयपुर, (कासं)।** राजधानी के नारायण सिंह सर्किल पर गाड़ी को साइड देने की बात को लेकर आपस में झगड़ा गया। इसके बाद बदमाश दो युवकों से मारपीट कर कार ले गए। घटना के सम्बंध में पीडित ने गांधी नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार आमेर निवासी दिग्विजय सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपने दोस्त योगेश भाट के साथ घर जा रहा था। रात करीब 1 बजे नारायण सिंह सर्किल के पास कुछ युवकों से कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद युवक उसकी कार ले गए। बदमाश उसके दोस्त को आदर्श नगर श्मशान घाट के पास पटक गए। सूचना पर पुलिस ने नाकाबंदी करवाई, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा।

कार में पीडित और उसके दोस्त के मोबाइल के साथ 20 हजार रुपए भी रखे थे। पुलिस ने बताया कि घटना 26 जुलाई की रात करीब एक बजे की है। पीडित का नारायण सिंह सर्किल पर साइड देने की बात को लेकर अन्य कार सवार युवकों से झगड़ा हुआ था।

झगड़े के बाद युवक मारपीट कर उसकी कार ले गए। इस दौरान कार में पीडित का दोस्त योगेश भी बैठा था। बदमाश उसे आदर्श नगर श्मशान घाट के पास उतार गए। बदमाशों को पकड़ने के लिए प्रयास जारी है। जल्द बदमाशों को पकड़ लिया जाएगा।

वहीं दूसरी ओर अशोक नगर थाना इलाके में बाइक सवार दो बदमाश युवक के हाथ पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीनकर ले गए। पुलिस के अनुसार ककराली रामपुरा निवासी मुकेश कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि वह किसी काम से जा रहा था पृथ्वीराज रोड सी स्कीम पर पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके हाथ पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीनकर ले गए। इस अप्रत्याशित घटना में पीडित कुछ समझ पाता तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गए।



22 साल की निशानेबाज के अथक समर्पण, कड़ी मेहनत और जुनून ने सचमुच रंग दिखाया। बिंद्रा ने मनु भाकर को निशानेबाजी में भारत की पहली महिला पदक विजेता बनने के लिए शुभकामनाएं दीं।
– अभिनव बिंद्रा

ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट, मनु का पदक जीतने पर बधाई दी।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **ऋषभ पंत**



**ऋषभ पंत** ने श्रीलंका के खिलाफ 49 रन की पारी खेली और अब वो श्रीलंका में टी20 में बतौर विकेटकीपर भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले ये रिकॉर्ड दिनेश कार्तिक के नाम पर दर्ज था जिन्होंने साल 2018 में बतौर विकेटकीपर भारत के लिए नाबाद 39 रन की पारी खेली थी। अब 6 साल के बाद पंत ने 49 रन की पारी खेलकर दिनेश कार्तिक के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।पंत ने पहली बार टी20 में 49 रन की पारी खेली और आउट हो गए। टी20 में 49 रन के स्कोर पर आउट होने वाले वो चौथे भारतीय बल्लेबाज बन गए।

**क्या आप जानते हैं ?...** वर्तमान में 80 से अधिक देश पोलो खेलते हैं। पोलो 1900 से 1936 तक ओलंपिक खेल था और इसे अब एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने मान्यता प्रदान की है।

# देश का मान है मनु

## पेरिस ओलिंपिक में खुला भारत का खाता | मनु ने 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य जीता | शूटिंग में मेडल दिलाने वाली पहली महिला

पेरिस, 28 जुलाई। पेरिस ओलिंपिक्स में भारतीय शूटर मनु भाकर ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। ओलिंपिक के इतिहास में शूटिंग में मेडल दिलाने वाली मनु पहली भारतीय महिला हैं। उन्होंने फाइनल में 221.7 पॉइंट्स के साथ कांस्य जीता।

2021 के टोक्यो ओलिंपिक में मनु की पिस्टल खराब हो गई थी। 20 मिनट तक वे निशाना नहीं लगा पाईं। पिस्टल ठीक हुई, तब भी मनु सिर्फ 14 शॉट लगा पाईं और फाइनल की रेस से बाहर हो गईं थीं। मनु निराश थीं लेकिन उन्होंने वापसी की और पेरिस ओलिंपिक्स में भारत को मेडल दिलाया। इस इवेंट में कोरिया की ओह ये जिन ने गोल्ड जीता। उन्होंने 243.2 पॉइंट स्कोर करके ओलिंपिक रिकॉर्ड बनाया। कोरिया की ही किम येजी ने सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने 241.3 पॉइंट बनाए।

मनु भाकर ने भारत को ओलिंपिक में 12 साल बाद शूटिंग का मेडल दिलाया है। भारत को इस खेल में आखिरी ओलिंपिक मेडल 2012 में मिला था। यह शूटिंग में भारत का अब तक का 5वां मेडल है। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने 2004 में सिल्वर, अभिनव बिंद्रा ने 2008 में गोल्ड और 2012 में विजय कुमार ने सिल्वर और गगन नारंग ने ब्रॉन्ज जीता था। भारतीय महिला निशानेबाज मनु भाकर




**जीत के बाद मनु ने कहा-**

**मैं गीता बहुत पढ़ती हूं। इससे फोकस करने में मदद मिलती है। आज के मैच में मैंने आखिर तक टारगेट पर फोकस किया। मैं खुश हूं। भारत इससे ज्यादा डिजर्व करता है। उम्मीद है कि बाकी इवेंट में भारत और मेडल जीतेगा।**

को दूसरे स्थान पर रहना पसंद ही नहीं है, तीसरे स्थान की तो बात ही छोड़ दीजिये। लेकिन उन्होंने यहां कहा कि रविवार का दिन अपवाद था क्योंकि पेरिस में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतकर वह तोक्यो ओलंपिक में अपनी निराशा को पीछे छोड़कर राहत महसूस कर रही हैं।

भाकर (22 वर्ष) यहां 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बन गईं। आत्मविश्वास से भरी भाकर ने कांस्य पदक जीतने के बाद 'जियो सिनेमा' से कहा, ''तोक्यो के बाद मैं बहुत निराश थी। मुझे इससे उबरने में बहुत समय लगा।'' उन्होंने कहा, ''बहुत खुश हूं कि मैं कांस्य पदक जीत सकी और हो सकता है कि अगली बार इसका रंग बेहतर हो।''

## पीवी सिंधु ने पेरिस ओलिंपिक में अपना पहला मुकाबला 29 मिनट में जीता



पेरिस, 28 जुलाई। भारतीय बैडमिंटन स्टार और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए मालदीव की फतिमाथ अब्दुल रज्जाक पर मात्र 29 मिनट में जीत दर्ज कर अपने अभियान की शुरुआत की। सिंधु ने आज यहां ग्रुप एम के मुकाबले में फतिमाथ अब्दुल रज्जाक को 21-9, 21-6 से हराया। सिंधु ने पहले गेम में दबदबा बनाते हुए शुरुआती बढ़त हासिल की और पूरे समय मैच पर नियंत्रण बनाए रखा। फ़तिमाथ को सिंधु की गति और सटीकता का सामना करने में संघर्ष करना पड़ा। सिंधु ने पहला सेट 21-9 से आसानी से जीत लिया। इसके बाद दूसरे गेम में भी सिंधु ने शानदार खेल मुजाहिरा करते हुए मध्य-खेल अंतराल पर 11-3 की बढ़त हासिल की और दूसरा सेट 21-6 से जीतकर मुकाबला भी जीत लिया। सिंधु बुधवार को अपने दूसरे ग्रुप मैच में एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा से भिड़ेंगी।

## रमिता जिंदल ने 10 मीटर एयर राइफल में फाइनल में जगह बनाई

पेरिस, 28 जुलाई। भारत की रमिता जिंदल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को पेरिस ओलंपिक खेलों में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजी स्पर्धा में फाइनल में जगह बना ली हैं। रमिता 60 शॉट के क्वालीफाइंग राउंड में 631.5 का स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की की। रमिता ने पहली सीरीज में 104.3, दूसरी में 106.0, तीसरी में 104.9, चौथी में 105.3, पांचवीं में भी 105.3 और छठी सीरीज में 105.7 अंक हासिल किए। रमिता की हमवतन इलावेनिल वलारिवन ने कड़ी टक्कर दी लेकिन वह बहुत कम अंतर से पीछे रह गईं। 630.7 के स्कोर के साथ वलारिवन की उम्मीदें अंतिम सीरीज में धराशायी हो गईं। वह दसवें स्थान पर रहीं और शीर्ष आठ से बाहर हो गईं। फाइनल मुकाबला सोमवार 29 जुलाई को खेला जायेगा। उल्लेखनीय है कि रमिता ने हांग्जो में 2022 एशियाई खेलों में दो पदक जीते थे।

## रोइंग में बलराज पुरुष एकल स्कल्स के क्वार्टरफाइनल में



पेरिस, 28 जुलाई। भारतीय रोवर बलराज पंवार इतिहास रचते हुए पेरिस ओलंपिक 2024 रोइंग स्पर्धा के पुरुष एकल स्कल्स रेपेचेज राउंड में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रविवार को प्रतियोगिता के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये है। आज यहां वैरेस-सुर-मार्ने नॉटिकल स्टेडियम में हुये मुकाबले में बलराज ने 7:12.41 समय के साथ 2000 मीटर की दूरी तय की और इस राउंड में दूसरे स्थान पर रहे। भारतीय रोवर ने 1000 मीटर की दूरी तय करने के लिए 3:33.94 का समय लिया। वह इसमें भी दूसरे स्थान पर रहे। इससे पहले उन्होंने 1:44.13 समय में 500 मीटर की दूरी तय की। 25 वर्षीय सेना के जवान बलराज ने मोनाको के क्वेंटिन एंटोगनेली के बाद 7:12.41 का समय लेकर रेपेचेज 2 में दूसरा स्थान हासिल किया। तीन रेपेचेज राउंड के प्रत्येक दो शीर्ष रोवर क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। प्रत्येक रेस में कुल पांच रोवर ने हिस्सा लिया। पुरुष एकल स्कल्स स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल मुकाबला मंगलवार 30 जुलाई को खेला जायेगा।

## अंकिता, भजन और दीपिका की टीम तीरंदाजी क्वार्टरफाइनल में हारी

पेरिस, 28 जुलाई। भारतीय महिला तीरंदाज अंकिता भकत, भजन कौर और दीपिका कुमारी की टीम को रविवार को पेरिस ओलंपिक तीरंदाजी के महिला रिकर्व टीम स्पर्धा में नीदरलैंड से 0-6 से हार का सामना करना पड़ा। आज यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पहले राउंड में अंकिता और दीपिका केवल सात अंक ही हासिल कर पाईं। हालांकि भजन कौर ने 10 अंक हासिल करते हुए टीम की उम्मीदों के जिंदा रखा। दूसरी तरफ से नीदरलैंड की टीम ने नौ और और अंक बटोरे और 52-51 से जीत कर दो अंक अर्जित कर लिए। भारत ने इस राउंड में कुल (7, 10, 7, 9, 9, 9) तो वहीं नीदरलैंड ने (9, 8, 9, 9, 9, 8) अंक जुटाए। दूसरे राउंड में अंकिता ने परफेक्ट शॉट (एक्स) लगाया और भजन कौर ने 10 अंक हासिल करते हुए टीम को शानदार शुरुआत दिलाई, हांलाकि, दीपिका का निशाना आठ पर जा कर लगा, जहां भारत ने अपना मोमेंटम खो दिया और उन्हें इस राउंड में 49-54 से हार मिली। भारत ने दूसरे राउंड में (एक्स, 10, 8, 6, 9, 6) अंक बटोरे तो वहीं नीदरलैंड ने (9, 9, 8, 9, 10, 9) अंक के जीत दर्ज की।

## नटराज और देसिंघु की हार, भारत को ओलिंपिक में तैराकी अभियान समाप्त

पेरिस, 28 जुलाई। श्रीहरि नटराज और धीनिधि देसिंघु की हार के साथ ही पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत का तैराकी अभियान रविवार को समाप्त हो गया। श्रीहरि नटराज ने पुरुषों की 100 बैकस्ट्रोक और धीनिधि देसिंघु ने महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी स्पर्धाओं में भाग लिया था।

श्रीहरि नटराज ने पेरिस ला डिफेंस एरिना में प्रतिस्पर्धा करते हुए ने 55.01 का समय लेकर हीट 2 में दूसरा और 46 तैराकों के बीच अपना सर्वश्रेष्ठ समय 53.77 के साथ 33वां स्थान हासिल किया। नियमानुसार प्रतियोगिता में शीर्ष 16 तैराकों ने अगले दौर में प्रवेश किया।

हंगरी के तैराक ह्यूबर्ट कोस, 2023 में 200 मीटर बैकस्ट्रोक विश्व चैंपियन ने पुरुषों की 100 बैकस्ट्रोक हीट में शीर्ष पर पहुंचने के लिए 52.78 का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया जबकि 53.93 के साथ ब्रिटेन के जॉनी मार्शल 16वें स्थान पर रहे और सेमीफाइनल के लिए जगह बनाने वाले अंतिम तैराक थे। श्रीहरि नटराज ने दूसरी बार ओलंपिक खेलों में भाग लिया है। इससे पहले नटराज टोक्यो 2020 के ग्रीष्मकालीन खेलों में पर्दापण करते हुए 27वें स्थान पर रहे। पेरिस 2024 में भारतीय दल की सबसे कम उम्र की सदस्य 14 वर्षीय धीनिधि देसिंघु ने 2:06.96 का समय लेकर शीर्ष हीट एक में प्रवेश किया। बेंगलुरु की तैराक के पास इस प्रतियोगिता में 2:04.24 का राष्ट्रीय तैराकी रिकॉर्ड दर्ज है।

हालांकि, धीनिधि चार हीट में 30 तैराकों के बीच 23वें स्थान पर रहीं। देसिंघु ने पहली बार ओलंपिक खेलों में भाग लिया है। ऑस्ट्रेलिया की मोली ओकैलाघन 1:55.79 समय के साथ 30-महिला तैराकों में शीर्ष पर रहीं और रोमानिया की रेबेका-एमी डायकोनेस्कु 1:59.29 समय के साथ सेमीफाइनल कट-ऑफ में जगह बनाने वाली आखिरी महिला थीं।

## आज भारत 4 खेलों में भाग लेगा

पेरिस, 28 जुलाई। 29 जुलाई सोमवार को पेरिस ओलिंपिक में भारत चार खेलों में भाग लेगा। **तीरंदाजी :** पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल: तरुणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा, प्रवीण जाधव – शाम 6:30 बजे। **बैडमिंटन :** पुरुष युगल (ग्रुप चरण): सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बनाम मार्क लैम्सफस और मार्विन सीडेल (जर्मनी) – दोपहर 12 बजे। **महिला युगल (ग्रुप चरण):** अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो बनाम नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा (जापान) – दोपहर 12:50 बजे। **पुरुष एकल (ग्रुप चरण):** लक्ष्य सेन बनाम जूलियन कैरेगी (बेल्जियम) – शाम 5:30 बजे। **निशानेबाजी :** 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन: मनु भाकर और सरबजोत सिंह, रिदम सांगवान और अर्जुन सिंह चीमा – दोपहर 12:45 बजे। पुरुष ट्रैप क्वालीफिकेशन: पृथ्वीराज तोंडईमान– दोपहर 1:00 बजे।

## मुक्केबाजी में निखत जरीन ने प्री-क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया



पेरिस, 28 जुलाई। भारतीय महिला मुक्केबाज निखत जरीन ने रविवार को पेरिस ओलंपिक खेलों में जर्मनी की मैक्सी करीना क्लोएट्ज़र पर 5-0 की जीत दर्ज करते हुए महिलाओं के 50 किग्रा स्पर्धा के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। राउंड ऑफ 32 में मुकाबले की शुरूआत में जर्मनी की मुक्केबाज निखत पर हमलावर रही। हालांकि इस दौरान भारतीय मुक्केबाज ने भी कुछ जोरदार पंच लगाए लेकिन पहले राउंड के बाद जजों का फैसला 3:2 से क्लोएट्ज़र के पक्ष में रहा। निखत ने दूसरे राउंड के शुरुआती सेकेंड से ही हमलावर रुख अख्तियार किया। नियमों को न मानने के लिए दोनों मुक्केबाजों के एक-एक अंक काटे गए, लेकिन निखत ने मैच को अपने पक्ष में कर लिया और दूसरे राउंड में सर्वसम्मत जीत हासिल कर की। दो बार की विश्व चैंपियन तीसरे राउंड में भी हावी रही शुरुआती दो मिनट के बाद वापसी करते हुए निखत ने जीत दर्ज की। निखत का मुकाबला अब एक अगस्त को प्री क्वार्टर फाइनल में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त वू यू से होगा। उल्लेखनीय है कि वू यू 52 किग्रा में मौजूदा विश्व चैंपियन हैं और एशियाई खेल 2023 में स्वर्ण पदक जीता था।

## अश्विनी पोनप्पा और तनिषा क्रैस्टो पहले मैच में हारी

पेरिस, 28 जुलाई। अश्विनी पोनप्पा और तनिषा क्रैस्टो की भारतीय जोड़ी को ओलंपिक खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता के महिला युगल के ग्रुप सी के मुकाबले में दक्षिण कोरिया की किम सो यियोंग और कोंग ही योंग से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। पिछले साल अच्छा प्रदर्शन करके ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय जोड़ी शनिवार को 44 मिनट तक चले मैच में 18-21 10-21 से हार गई। पोनप्पा और क्रैस्टो ने अच्छी शुरुआत की थी। उन्होंने पहले गेम में कोरिया की जोड़ी को कड़ी चुनौती दी लेकिन इसके बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाई। भारतीय जोड़ी का अगला मुकाबला सोमवार को जापान की चौथी वरीयता प्राप्त चिहारू शिदा और नामी मात्सुयामा से होगा।

## ओलंपिक में पुरुष एकल टेनिस स्पर्धा में नागल को मिली हार

पेरिस, 28 जुलाई। भारत के सुमित नागल रविवार को पेरिस ओलंपिक में पुरुष एकल टेनिस स्पर्धा में पहले दौर में फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट से हारकर बाहर हो गये है। टेनिस पुरुष एकल राउंड में रविवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल को फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट ने 2-6, 6-2, 5-7 से हराया। यह मैच दो घंटे 28 मिनट तक चला। पहले सेट सुमित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6-2 से जीत दर्ज की, लेकिन बाद के दोनों सेटों में कोरेंटिन से उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

## श्रीलंका ने भारत को हराकर जीता महिला एशिया कप का खिताब

### श्रीलंकाई महिला टीम ने भारत से छीना चैम्पियन का ताज, पहली बार बनी एशिया की चैम्पियन




दांबुला, 28 जुलाई। हर्षिता समाराविक्रमा नाबाद (69) और चमारी अट्टापटू (61) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत श्रीलंका ने रविवार को महिला एशिया कप के फाइनल मुकाबले में भारत को आठ विकेट से हराकर खिताब जीत लिया।

166 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं है। दूसरे ओवर में विश्मी गुणारत्ने (1) को रनआउट हुई। इसके बाद हर्षिता समाराविक्रमा और कप्तान चमारी अट्टापटू ने पारी को संभालते हुए तेजी से साथ रन बटोरे। 12वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने अट्टापटू को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। अट्टापटू ने 43 गेंदों में (61) रन बनाये। हर्षिता समाराविक्रमा ने 51 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद (69) रनों की पारी खेली।

कविशा दिलहारी 16 गेंदों में (30) रन बनाकर नाबाद रही। श्रीलंका ने 18.4 ओवर में दो विकेट पार 167 रन बनाकर खिताबी मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। इससे पहले आज यहां भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 44 रन जोड़े। सातवें ओवर में कविशा दिलहारी ने शेफाली वर्मा (16) को आउटकर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद नौवें ओवर में उमा छेत्री (9) रन बनाकर पवेलियन लौट गई। कप्तान हरमनप्रीत कौर (11) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (29) रन बनाकर आउट हुई।

स्मृति मंधाना ने 47 गेंदों में 10 चौके लगाते हुये (60) रनों की पारी खेली। ऋचा घोष ने 14 गेदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुये (30) रन बनाये। पूजा वस्त्रकर (5) और राधा यादव (1) रन बनाकर नाबाद रही। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 165 का स्कोर खड़ा किया।

## कराते व कोबुडो बेल्ट ग्रेडिंग सम्पन्न प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के 620 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

जयपुर, 28 जुलाई। मुरलीपुरा में स्थित इंडियन मार्शल आर्ट्स एकेडमी की कराते व कोबुडो बेल्ट ग्रेडिंग जमना विद्यापीठ सीनियर सैकण्डरी स्कूल न्यू लोहा मण्डी रोड़ जयपुर में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न स्कूलों के 620 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सेन्ट जेवियर स्कूल, एसएमएस स्कूल, भवानी निकेतन स्कूल, ए.वी.वी.एम.स्कूल, एस.एन. कन्वेट स्कूल, लोटस स्कूल, जी.आर. ग्लोबल एकेडमी, महाराजा सवाई मान सिंह स्कूल, हंसराज एकेडमी स्कूल, श्रीकृष्णा पब्लिक स्कूल, यूरो किड्स स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कोबुडो बेल्ट ग्रेडिंग उत्तर भारत के प्रमुख प्रशिक्षक गोजू रयू केनशिकाय शिहान महेंद्र गहलोत ब्लेक बेल्ट 6 डान के सानिध्य में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जमना विद्यापीठ स्कूल के चेयरमैन मीर सिंह व डायरेक्टर विक्रम सिंह गजराज ,राधेश्याम जाट व पं.वेदप्रकाश वशिष्ठ (स्वर गायक), सौरभ शर्मा (एस.एस.ब्राइट डांस एकेडमी) मुख्य अतिथि रहे।

यलो बेल्ट वर्ग में गर्विता शर्मा, रविकांत वर्मा निहारिका मोदी, सिद्धिका माहेश्वरी, ओरेंज बेल्ट मे जियांस कटारिया,राजवीर लुहार, कार्तिक यादव,ग्रीन बेल्ट मे डेविड मुंडोतिया, कृतिका जोशी, वरुण वर्मा, ब्लू बेल्ट मे तनुश्री सेनी,इशिका कुलदीप, परपल बेल्ट मे अशु सैनी, खुशबू राठोंड ,दिव्यांशी चौधरी, हितार्थ जोशी, ब्राउन 4 मे रजनी सेनी अव्वल रहे।

## मनिका और श्रीजा महिला टेबल टेनिस के दूसरे दौर में


पेरिस, 28 जुलाई। भारत की टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला ने रविवार को पेरिस ओलंपिक में महिला टेबल टेनिस स्पर्धा में शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को मात देकर अगले दौर में जगह बना ली है। भारतीय टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा ने महिला एकल वर्ग के मुकाबले में ब्रिटेन की अन्ना हर्सी को 4-1 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। आज यहां मनिका ने मुकाबले में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 11-8, 12-10, 11-9, 9-11, 11-5 से मुकाबला जीत लिया। इसकी के साथ वही महिला एकल वर्ग में राउंड ऑफ 32 में पहुंच गई है। वह राउंड ऑफ 32 में पहुंचने वाली दूसरी भारतीय महिला बन गई हैं। राउंड ऑफ 32 में मनिका बत्रा का मुकाबला भारतीय मूल की फ्रांसीसी खिलाड़ी पृथिका पावड़े से होगा। इससे पहले भारत की उभरती टेबल टेनिस स्टार श्रीजा अकुला ने पेरिस ओलंपिक में राउंड ऑफ 64 के मुकाबले में स्वीडन की खिलाड़ी क्रिस्टीना कल्बर्ग पर जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। श्रीजा ने आक्रामक शुरुआत करते हुए बढ़त बनाई। इसके बाद पहला गेम 11-4 से, दूसरे गेम में 9-11 से, तीसरा गेम 11-7 से जीता और आखिरी गेम को 11-7 से जीतकर दर्ज वह अगले दौर में पहुंच गई।

### बारिश भी नहीं रोक पाई भारत के जीत का क्रम

# वर्षा से बाधित दूसरा टी-20 भारत ने 7 विकेट से जीता

### यशस्वी, सूर्या और हार्दिक ने खेली विस्फोटक पारियां, बिश्नोई को 3 विकेट

पल्लेकेल, 28 जुलाई। भारत ने श्रीलंका को दूसरे टी-20 में मेथड के तहत 7 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने 3 टी-20 की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़ त बना ली। तीसरा टी-20 मंगलवार को खेला जाएगा। पल्लेकेले में भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। श्रीलंका ने 9 विकेट के नुकसान पर 161 रन बनाए। कुसल परेरा ने फिफ्टी लगाई। रवि बिश्नोई ने 3 विकेट लिए। हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल को 2-2 सफलताएं मिलीं।




भारत की बैटिंग के दौरान बारिश आ गई, इस कारण टीम को 8 ओवर में 78 रन का रिवाइज्ड टारगेट मिला। 6.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। सूर्यकुमार यादव ने 12 बॉल पर 26, हार्दिक पंड्या ने 9 बॉल पर 22 और यशस्वी जायसवाल ने 15 बॉल पर 30 रन बनाए। श्रीलंका ने कुशल परेरा के शानदार अद्धर्शतक (53) और पतुम निसंका के (32) रनों की बदौलत रविवार को दूसरे टी-20 मैच में भारत को जीत के लिए 162 रनों का लक्ष्य दिया।

आज यहां भारत ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसका पहला विकेट 26 रन पर ही गिर गया। इसके बाद पतुम निसंका एवं कुसल परेरा ने दूसरे विकेट के लिए 80 रन जोड़े। दसवें ओवर में हार्दिक ने परेरा को रिंकू के हाथों कैच आउट कराकर श्रीलंका को चौथा झटका दिया।

परेरा ने 34 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए (53) रनों की पारी खेली। 130 स्कोर पर पर कामिंडु मेंडिस को हार्दिक ने रिंकू के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद नियमित अतंराल पर श्रीलंका के विकेट गिरते रहे और श्रीलंका निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 161 का स्कोर खड़ा कर सका। भारत की ओर से रवि बिश्नोई ने तीन विकेट झटके वहीं अर्शदीप सिंह , अक्षर पटेल , हार्दिक पांडया ने दो दो बल्लेबाजों को आउट किया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मिली जान से मारने की धमकी

## दौसा जिले की श्यालावास जेल में बंद कैदी ने जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर धमकी दी

- मामले में जेल अधीक्षक, जेलर और मुख्य प्रहरी सस्पेंड हुये।
- पुलिस की जांच के दौरान जेल में 12 से ज्यादा मोबाइल फोन और कुछ संदिग्ध वस्तुएं मिली हैं।
- जयपुर के विधायकपुरी थाने में मामला दर्ज हुआ।

जयपुर, 28 जुलाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को शनिवार देर रात करीब दो बजे दौसा जिले की श्यालावास जेल में बंद कैदी ने जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर जान से मारने की धमकी दी है। मामले में जयपुर पुलिस ने विधायकपुरी थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं

आई.जी. जयपुर रेंज अनिल टांक ने बताया कि रात को एक फोन जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम के पास आया था। फोन करने वाले ने पुलिसकर्मियों को कहा कि वह मुख्यमंत्री को मार देगा। धमकी की जानकारी मिलने पर साइबर टीम को लगाया गया। टीम ने कुछ घंटों में फोन नम्बर को ट्रेस कर लोकेशन निकाली। जो वह दौसा जिले के श्यालावास जेल की थी। इस पर रात को ही दौसा और जयपुर पुलिस की टीमों ने लोकेशन के आधार पर आरोपी की तलाश की। इस दौरान दौसा जिले की श्यालावास जेल में दार्जिलिंग निवासी एक आरोपी को डिटेन किया गया। युवक ने फोन पर धमकी देने की बात स्वीकार कर ली है। पुलिस जेल में ही कैदी से पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक पूछताछ में कैदी ने बताया कि वह कोई दवाई खाता है। दवा खाने से उसे होश नहीं रहा। इसके बाद फोन कॉल किया। पुलिस उसके जवाबों से संतुष्ट नहीं होने पर पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस की जांच के दौरान जेल में 12 से ज्यादा मोबाइल फोन और कुछ संदिग्ध वस्तुएं मिली है। इन्हें पुलिस टीम ने जब्त कर लिया है। जेल अधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी गई है। वहीं, आगे की कार्रवाई की जा रही है। उधर, जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के एडिशनल पुलिस कमिश्नर कैलाश चंद्र बिश्नोई ने बताया कि मामले में शहर के विधायकपुरी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी पहचान दौसा की जिले के श्यालावास जेल में बंद एक कैदी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में जेल में बंद है। कोर्ट से उसका प्रोडक्शन वारंट लेकर गिरफ्तार कर पूछताछ की जाएगी।

मुख्यमंत्री को धमकी देने के मामले में जेल प्रशासन ने कार्यवाहक जेल अधीक्षक कैलाश दरोगा, जेलर बिहारी लाल और मुख्य प्रहरी अवधेश कुमार को सस्पेंड कर दिया। इस संबंध में जेल अधीक्षक, जेलर के लिए डीजी जेल राजेश निर्वाण और मुख्य प्रहरी के लिए डीआईजी मोनिका अग्रवाल ने आदेश जारी कर दिए।

गौरतलब है कि करीब 6 महीने पहले भी मुख्यमंत्री को धमकी मिली थी। जयपुर की सेंट्रल जेल में 5 साल से बंद पॉक्सो एक्ट के बंदी ने ही कंट्रोल रूम में फोन कर मुख्यमंत्री को गोली मारने की धमकी दी थी। इसके बाद कॉल काटकर मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया गया। पुलिस टीम ने तुरंत तकनीकी आधार पर जांच शुरू की और धमकी देने वाले आरोपी की पहचान कर ली थी। इस दौरान जेल में दो बंदियों से मोबाइल भी जब्त किए गए थे। मामले में जेल के हेड वार्डन अजय सिंह राठौड़ और वार्डन मनीष कुमार यादव को सस्पेंड किया गया था।

## खादी का कारोबार डेढ़ लाख करोड़ रुपये पहुंचा : मोदी

नयी दिल्ली 28 जुलाई (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से खादी और हथकरघा उत्पादों को खरीदने की अपील करते हुए कहा है कि देशवासियों के सहयोग से खादी का कारोबार पहली बार डेढ़ लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।

मोदी ने हरियाणा के रोहतक जिले में उन्नति स्व सहायता समूह की जुड़ी महिलाओं के हथकरघा उत्पादों की विशेष रूप से सराहना करते हुए लोगों से इन्हें खरीदने तथा इनको बढ़ावा देने को कहा है।

- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि खादी की बिक्री सालाना आधार पर चार सौ पर्सेंट बढ़ रही है।

प्रधानमंत्री ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा ,मुझे ये बताते हुए आनंद आ रहा है कि खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार डेढ़ लाख करोड़ रुपए के पार पहुँच गया है। सोचिए, डेढ़ लाख करोड़ रुपए !! और जानते हैं खादी की बिक्री कितनी बढ़ी है ? 400 परसेंट।

उन्होंने कहा कि इससे देश में बड़ी संख्या में रोजगार के नए अवसर भी बन रहे हैं।

# शहीदों ने देश को बचाया, अब आपको देश बनाना है: ओम बिड़ला

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये 15 हजार इंजीनियरिंग एवं मैडिकल छात्रों को संबोधित किया

- ओम बिड़ला ने कहा कि संस्कारों के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षा के साथ संस्कार मिलते हैं तो जीवन में पूर्णता आती है। एलन में शिक्षा के साथ संस्कारों को प्राथमिकता दी जाती है। यही कारण है कि आज करगिल शहीदों को श्रद्धांजलि देने और उनके परिजनों का अभिनन्दन करने के लिए इतनी बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स शामिल हुए हैं। शहीदों और सैनिकों के जीवन से अनुशासन और देश के लिए जीने की सीख लेनी चाहिए।

नयी दिल्ली 28 जुलाई (वार्ता)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा कि हम सुरक्षित हैं क्योंकि हमारे सैनिक हमारी रक्षा कर रहे हैं। करगिल में हजारों सैनिक शहीद हो गए। उन्होंने इस देश को बचाया। अब आपको यह देश बनाना है। आप इस देश का भविष्य हैं। कल के डॉक्टर और इंजीनियर हैं। सैनिकों की तरह देश के लिए जीने और इसे आगे ले जाने का संकल्प लें।

बिड़ला ने वीडियो संदेश के माध्यम से यह बात रविवार को नयी दिल्ली के इंदिरा गांधी एरिना में करगिल विजय की रजत जयंती के तहत आयोजित 'एलन शौर्य वंदन' कार्यक्रम में कही। इस समारोह में मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा की तैयारी करने वाले 15 हजार से अधिक स्टूडेंट्स शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि संस्कारों के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षा के साथ संस्कार मिलते हैं तो जीवन में पूर्णता आती है। एलन में शिक्षा के साथ संस्कारों को प्राथमिकता दी जाती है। यही कारण है कि आज करगिल शहीदों को श्रद्धांजलि देने और उनके परिजनों का अभिनन्दन करने के लिए इतनी बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स शामिल हुए हैं। शहीदों और सैनिकों के जीवन से अनुशासन और देश के लिए जीने की सीख लेनी चाहिए।

इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रहे रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि विद्यार्थियों को देश के युद्धों का इतिहास जानना चाहिए, सेना के शौर्य के बारे में पढ़ना चाहिए तथा उनके बलिदान से सबक लेना चाहिए। सेना से अनुशासन, संकल्प, हौसला और बलिदान होने की हिम्मत सीखें। सैनिकों का जीवन एक सीख होती है, कैसे वे अपने परिवारों से हजारों किलोमीटर दूर रहकर देश की सेवा में समर्पित होते हैं।

कार्यक्रम में परमवीर चक्र विजेता सूबेदार मेजर ऑनररी कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से शहीदों के परिजनों का यह सम्मान देश का सम्मान है, जिस तरह एक योद्धा देश के लिए लड़ता है ठीक उसी तरह एक विद्यार्थी को भी देश को आगे ले जाने के लिए संकल्पित रहना चाहिए। पढ़ाई में भी टारगेट लेकर उसकी प्राप्ति के लिए पूरे प्रयास होने चाहिए।

एलन निदेशक डॉ.नवीन माहेश्वरी ने कहा कि हम शिक्षा के साथ संस्कार देने में विश्वास रखते हैं। करगिल विजय के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शौर्य वंदन श्रृंखला की शुरुआत की। अब तक दिल्ली सहित राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, जम्मू, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, ओडिशा, आसाम, पश्चिम बंगाल में शौर्य वंदन कार्यक्रम हो चुके हैं, जहां 280 करगिल शहीदों के परिजनों का सम्मान किया जा चुका है।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दिल्ली में आयोजित शौर्य वंदन में करगिल युद्ध में दिल्ली और आस-पास 32 शहीदों के परिजनों का सम्मान किया गया।

इस दौरान शहीदों के परिजनों ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान कई बार ऐसे क्षण भी आए जब हर किसी के आंख में आंसू आ गए। कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों ने खड़े होकर शहीदों के सम्मान में तालियां बजाई और परिजनों को सेल्युट किया।

कार्यक्रम में परमवीर चक्र विजेता योगेन्द्र यादव, एलन निदेशक डॉ. गोविन्द माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, डॉ. नवीन माहेश्वरी, डॉ. बृजेश माहेश्वरी एवं सीईओ नितिन कुकरेजा ने शहीदों के परिजनों का सम्मानित किया। जोनल हेड व वाइस प्रसीडेंट अमित मोहन अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में सोनीपत, रोहतक, नूह, भिवानी, मेरठ, नोएडा, आगरा, हाथरस, बुलंदशहर, मथुरा, गाजियाबाद शहीद अनुज नायर, अरविंदर सिंह, चमन सिंह, धर्मबीर सिंह, हसन मोहम्मद, हसन अली खान, जितेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह चौहान, मनोज तलवार, मोहन सिंह राजपूत, ओमप्रकाश, पदम सिंह, राज सिंह, राजेन्द्र सिंह गाजियाबाद, राजेन्द्र सिंह मेरठ, रामवीर सिंह, रविकरण सिंह, रिषिपाल सिंह, सतीश कुमार, सतपाल सिंह, सत्यवीर सिंह, श्यामबीर सिंह, सोरन सिंह, सुरेन्द्र सिंह, विजयंत थापर, यशवीर सिंह, योगेन्द्र सिंह यादव, जुबैर अहमद, सुरेन्दर, अहमद, बलवान सिंह और भीम सिंह के परिजनों का सम्मान किया गया।

## वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश माथुर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जाता है। लोकसभा चुनावों में भी माथुर छत्तीसगढ़ के प्रभारी थे, लेकिन ज्यादा सक्रिय नहीं रहे। भाजपा ने छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से 10 पर जीत दर्ज की थी।

इसके साथ ही माथुर कई राज्यों के प्रभारी रहे हैं। मूल रूप से पाली जिले के फालना कस्बे के रहने वाले ओम प्रकाश माथुर का जन्म 17 अगस्त 1952 को हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा पाली में हुई। उच्च शिक्षा के लिए वे जयपुर आ गए थे। राजस्थान विश्वविद्यालय से उन्होंने बीए की डिग्री ली। माथुर छात्र जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए थे। 1988 में भाजपा के सदस्य बनने के बाद वे पार्टी में विभिन्न पदों पर रहे। 7 जनवरी 2008 से 13 जुलाई 2009 तक वे राजस्थान भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष रहे। वही पार्टी ने उन्हें गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य का प्रभारी भी बनाया था। इसके अलावा माथुर केन्द्रीय संगठन में राष्ट्रीय सचिव, राष्ट्रीय महामंत्री और लंबे समय तक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर भी रहे। उन्हें पार्टी ने दो बार राज्यसभा भी भेजा। उनका अंतिम राज्यसभा का कार्यकाल 2016 से 2022 तक रहा। ओम प्रकाश माथुर को राज्यपाल बनाने के कई सियासी मायने भी हैं। बढ़ती उम्र के कारण अब पार्टी माथुर को ज्यादा सक्रिय जिम्मेदारी नहीं दे सकती थी। ऐसे में अपने ऐसे कार्यकर्ता जिसने पूरा जीवन संगठन को समर्पित कर दिया हो। उसकी सक्रिय राजनीति से यह एक सम्मानजनक विदाई है। वही पार्टी अब प्रदेश में सेकेंड लाइन लीडरशिप को प्रमोट करना चाहती है। दो दिन पहले ही भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनाए गए मदन राठौड़ और ओम माथुर पाली जिले से आते हैं। दोनों की अदावत किसी से छिपी नहीं है। 2008 में ओम माथुर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष थे। तब मदन राठौड़ का टिकट कट गया था, जबकि उस समय राठौड़ सिटिंग एमएलए थे।

कटारिया की राज्यपाल के तौर पर यह उनकी दूसरी नियुक्ति है। प्राइवेट स्कूल में शिक्षक रहे कटारिया ने पहली बार 1977 में चुनाव लड़ा था। वह उदयपुर शहर सीट से विधायक चुने गए थे। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। बताया जाता है कि उन्होंने अपने जीवनकाल में कुल 11 चुनाव लड़े, जिसमें से 9 में उन्हें जीत मिली। साल 1998 में वह सादड़ी से सांसद के तौर पर चुनाव जीते। आखिरी चुनाव 2018 में जीतकर वह 15वीं राजस्थान विधानसभा में पहुंचे। असम का राज्यपाल नियुक्त होने से पहले वे विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष थे।

## तमिलनाडू में भाजपा नेता ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मौके पर पहुंचे और देखा कि सेल्वाकुमार दम तोड़ चुके हैं। पुलिस ने सेल्वाकुमार के शव को सरकारी अस्पताल में भेज दिया जहां उनका पोस्टमार्टम किया जाएगा। ग्रामीणों और भाजपा समर्थकों ने सेल्वाकुमार की हत्या के खिलाफ आज जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इन लोगों ने सड़क जाम कर दी और दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किए जाने की मांग रखी। बताया जा रहा है कि उन्होंने बीजेपी लीडर का शव लेने से भी इनकार कर दिया। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। वहीं, राज्य भाजपा प्रमुख अन्नामलाई ने सेल्वाकुमार के परिवार के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने पार्टी की ओर से समर्थन का पूरा आश्वासन भी दिया। बीजेपी लीडर ने तमिलनाडु को हत्याओं की राजधानी करार दिया। उन्होंने कहा, राज्य में असामाजिक तत्वों को सरकार या पुलिस का कोई डर ही नहीं रह गया है।

## '70 प्रतिशत बाघ ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

'बाघ मित्र कार्यक्रम' का विशेष रूप से उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने कहा, कल दुनिया भर में बाघ दिवस मनाया जाएगा। भारत में तो 'बाघ', हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहा है। हम सब बाघों से जुड़े किस्से-कहानियाँ सुनते हुए ही बड़े हुए हैं। जंगल के आसपास के गाँव में तो हर किसी को पता होता है कि बाघ के साथ तालमेल बिठाकर कैसे रहना है। हमारे देश में ऐसे कई गाँव है, जहां इंसान और बाघ के बीच कभी टकराव की स्थिति नहीं आती। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे खुशी है कि जन-भागीदारी बाघों के संरक्षण में बहुत काम आ रही है। ऐसे प्रयासों की वजह से ही भारत में बाघों की आबादी हर साल बढ़ रही है। आपको ये जानकर खुशी और गर्व का अनुभव होगा कि दुनियाभर में जितने बाघ हैं ,उनमें से 70 प्रतिशत बाघ हमारे देश में हैं और देश के अलग-अलग हिस्सों में कई बाघ अभयारण्य हैं। मोदी ने कहा कि भारत में जहाँ भी बाघ और मानव में टकराव की स्थिति आती है, वहाँ बाघों के संरक्षण के लिए अभूतपूर्व प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस काम में जन भागीदारी प्रोत्साहित की जाती है और राजस्थान के रणथंभौर जिले में कुल्हाड़ी बंद पंचायत अभियान इसका एक नमूना है।प्रधानमंत्री ने कहा कि रणथंभौर का कुल्हाड़ी बंद पंचायत अभियान बहुत दिलचस्प है। स्थानीय समुदायों ने स्वयं इस बात की शपथ ली है कि जंगल में कुल्हाड़ी के साथ नहीं जाएंगे और पेड़ नहीं काटेंगे। इस एक फैसले से यहाँ के जंगल, एक बार फिर से हरे-भरे हो रहे हैं, और बाघों के लिए बेहतर वातावरण तैयार हो रहा है। मोदी ने महाराष्ट्र के तादोबा-अंधेरीबाघ अभयारण्य के आस पास के समुदायों, विशेषकर गोंड और माना जनजाति के लोगों द्वारा ईको-टूरिज्म (नैसर्गिक पर्यटन) के कार्य की ओर तेजी से प्रगति का उल्लेख भी किया।

## हरिभाऊ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चंडीगढ़ के प्रशासक की भी जिम्मेदारी है। सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य असम के राज्यपाल का कार्यभार संभालेंगे और उन्हें मणिपुर का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। इस बीच, श्रीमती मुर्मू ने पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक की जिम्मेदारी संभाल रहे बनवारीलाल पुरोहित का इस्तीफा भी स्वीकार कर लिया। विज्ञप्ति के अनुसार उपरोक्त नियुक्तियां उनके संबंधित कार्यालयों का कार्यभार संभालने की तारीख से प्रभावी होंगी।

# 'न्यायाधीश ज्यादातर मुकदमों में जमानत न देकर ''सेफ'' खेलना पसंद करते हैं'

## मुख्य न्यायाधीश डी.वाय. चंद्रचूड़ ने कहा कि अपराध के महत्वपूर्ण मुद्दों को संदिग्ध नजरिये से देखा जाता है, इसलिए ज्यादातर जज कॉमन सैंस काम में नहीं लेते

- मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि देश के प्रारम्भिक न्यायालयों की गैर जिम्मेदारी की वजह से ज्यादातर जमानती मुकदमे उच्च न्यायालयों में पहुँच जाते हैं।

नई दिल्ली, 28 जुलाई। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि जब अपराध के महत्वपूर्ण मुद्दों को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है, तो ट्रायल जज जमानत न देकर सुरक्षित खेलना पसंद करते हैं। मुख्य न्यायाधीश ने प्रत्येक मामले की बारीकियों को देखने के लिए मजबूत सामान्य ज्ञान (कॉमेंस सेंस) की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''जिन लोगों को ट्रायल कोर्ट में जमानत मिलनी चाहिए और उन्हें वहां नहीं मिल रही है, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें हमेशा उच्च न्यायालयों का रुख करना पड़ता है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने आगे कहा कि जिन लोगों को उच्च न्यायालयों से जमानत मिलनी चाहिए, उन्हें जरूरी नहीं कि वह मिल जाए, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें सर्वोच्च न्यायालय जाना पड़ता है। यह देरी उन लोगों की समस्या को और बढ़ा देती है, जिन्हें मनमाने ढंग से गिरफ्तार किया जाता है। वे बर्कले सेंटर के तुलनात्मक समानता और भेदभाव विरोधी 11वें वार्षिक सम्मेलन के दौरान मुख्य भाषण के अंत में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। सवाल मनमाने ढंग से की जाने वाली गिरफ्तारियों पर था। सवाल पूछने वाले ने कहा कि हम ऐसे समाज में रहते हैं जहां पहले काम किया जाता है और बाद में माफी मांगी जाती है। उन्होंने कहा कि यह बात विशेष रूप से राजनीतिक रूप से प्रेरित तरीके से काम करने वाले पब्लिक अथॉरिटी के लिए सच हो गई है, जो कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों, पत्रकारों और यहां तक कि विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों सहित राजनेताओं को हिरासत में ले रहे हैं।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय लगातार यह बताने की कोशिश कर रहा है कि इसका एक कारण यह भी है कि देश के भीतर संस्थाओं में अंतर्निहित अविश्वास है। मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि हम उन लोगों पर भरोसा करना सीखें जो कानूनी व्यवस्था में हो सकते हैं, जैसे कि बहुत नीचे, जो कि ट्रायल कोर्ट हैं। दुर्भाग्य से, आज समस्या यह है कि हम ट्रायल जजों द्वारा राहत दिए जाने को संदेह की दृष्टि से देखते हैं। इसका मतलब है कि ट्रायल जज गंभीर अपराधों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर जमानत नहीं देते हुए तेजी से सुरक्षित खेल रहे हैं। सीजेआई के अनुसार, न्यायाधीशों को प्रत्येक मामले की बारीकियों को देखना चाहिए।

## कश्मीर में गर्मी ....

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

होने के पीछे इस बार बारिश नहीं होना माना जा रहा है। इस पहाड़ी और प्राकृतिक रूप से सम्पन्न राज्य में इस बार सीजन में अभी तक बहुत ही कम बारिश हुई है।

मौसम विभाग के निदेशक मुख्तार अहमद ने 'यूनीवार्ता' को बताया कि 21 जुलाई 1988 को न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। एक स्वतंत्र मौसम पूर्वानुमानकर्ता फैजान आरिफ ने कहा कि श्रीनगर में रात का तापमान आमतौर पर मई के मध्य में महसूस होने वाले दिन के तापमान के बराबर था। कश्मीर घाटी के अन्य स्थानों पर भी शनिवार देर रात के दौरान न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस से आठ डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। कश्मीर घाटी में गर्म और आर्द्र मौसम की स्थिति बने रहने के आसार हैं। प्रदेश के कुछ स्थानों पर आज दोपहर या रात के दौरान गरज के साथ बारिश होने का अनुमान है। उन्होंने कहा, उनतीस जुलाई को गर्म और उमस भरे मौसम के बीच कश्मीर घाटी के कुछ हिस्सों में बारिश के आसार 55 प्रतिशत हैं और इसके साथ ही तापमान एक डिग्री सेल्सियस से चार डिग्री सेल्सियस तक कम होने का अनुमान है।''

# मु.मंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा, रणथंभौर के 'कुल्हाड़ी बंद पंचायत अभियान' का उल्लेख उत्साहवर्धक है

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में बैठकर सामूहिक रूप से सुना।

नई दिल्ली/जयपुर, 28 जुलाई (का.सं.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 112वें संस्करण को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली स्थित भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय में सुना। अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस समय पूरे देश में पेरिस ओलंपिक छाया हुआ है। ओलंपिक हमारे खिलाड़ियों को विश्व पटल पर तिरंगा लहराने का मौका देता है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने प्रोजेक्ट परी (पब्लिक आर्ट ऑफ इंडिया) व हेंडलूम की बढ़ती लोकप्रियता के संबंध में चर्चा की। साथ ही, उन्होंने देशवासियों से भारत को ड्रग्स फ्री बनाने की दिशा में शुरू की गई 'मानस हैल्पलाइन' का उपयोग करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में राजस्थान के रणथंभौर के 'कुल्हाड़ी बंद पंचायत अभियान' का विशेष उल्लेख किया है। इस अभिनव पहल के अंतर्गत स्थानीय समुदायों ने वन क्षेत्र में कुल्हाड़ी नहीं लेकर जाने और वृक्षों की कटाई रोकने का प्रण लिया है। प्रधानमंत्री द्वारा इस अभियान की सराहना प्रकृति-प्रेमियों को प्रोत्साहित करने वाली है।

इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा, केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री उपस्थित रहे।

## प्र.मंत्री मोदी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मैं कामना करती हूं कि वह भविष्य में उपलब्धियों की नई ऊंचाइयों को छूएं। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, ऐतिहासिक पदक।

## निगम ने अवैध रूप से बेसमेंट में संचालित हो रहे 13 कोचिंग सेंटर को किया सील

नयी दिल्ली 28 जुलाई (वार्ता )दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबेरॉय के आदेश पर अधिकारियों ने रविवार देर रात राजेंद्र नगर इलाके में अवैध रूप से बेसमेंट में संचालित हो रहे 13 कोचिंग सेंटरों को सील कर दिया।

निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आज बताया कि डॉ. ओबेरॉय के आदेश पर अधिकारियों ने रविवार देर रात राजेंद्र नगर इलाके में अवैध रूप से बेसमेंट में संचालित हो रहे 13 कोचिंग सेंटरों को सील कर दिया गया है। सील किए गए को कोचिंग सेंटरों में आईएएस गुरुकुल, चहल अकादमी, प्लूटस अकादमी, साई ट्रेडिंग, आईएएस सेतु, टॉपर की अकादमी, दैनिक संवाद, सिविल्स डेली आईएएस, करियर पावर, 99 नोट्स, विद्या गुरु, गाइडेंस आईएएस, ईजी फॉर आईएएस शामिल हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार चार अरब डॉलर बढ़कर 670.9 अरब डॉलर पर

मुंबई 28 जुलाई (वार्ता) विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 19 जुलाई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार अरब डॉलर बढ़कर 670.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9.7 अरब डॉलर की रिकॉर्ड बढ़त के साथ 666.9 अरब डॉलर पर रहा था।

# अमेरिका के फेड रिजर्व की बैठक के निर्णय का बाजार पर रहेगा असर

मुंबई 28 जुलाई (वार्ता) चालू वित्त वर्ष के बजट में कैपिटल गेन टैक्स में बढ़ोतरी किए जाने से बिकवाली का दबाव बढ़ने के बावजूद सप्ताह के अंतिम दिन हुई वैल्यू लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत चढ़े शेयर बाजार पर अगले सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक में ब्याज दर में कटौती को लेकर होने वाले निर्णय के साथ ही घरेलू स्तर पर वाहन बिक्री, औद्योगिक उत्पादन के आने वाले आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 728.07 अंक अर्थात 0.9 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 81332.72 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 303.95 अंक यानी 1.24 प्रतिशत मजबूत होकर 24834.85 अंक सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 1446.64 अंक अर्थात 3.13 प्रतिशत चढ़कर 47706.67 अंक और स्मॉलकैप 1812.55 अंक यानी 3.5 प्रतिशत उछलकर 54294.35 अंक पर रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, अगले सप्ताह 30-31 जुलाई को अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक होने वाली है। इस बैठक के नतीजे पर बाजार की नजर रहेगी। फेडरल रिजर्व के अधिकारियों से व्यापक रूप से उम्मीद की जा रही है कि वे अगले बुधवार को होने वाली बैठक में केंद्रीय बैंक की प्रमुख ब्याज दर को स्थिर रखेंगे। हालांकि कुछ अर्थशास्त्रियों का मानना है कि जुलाई में कटौती करने का सही समय है।

इसके अलावा अगले सप्ताह गुरुवार को जुलाई के वाहन बिक्री का आंकड़ा जारी होने वाला है। साथ ही जून का औद्योगिक उत्पादन आंकड़ा तथा टाटा स्टील, मारुति, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईटीसी, सन फ़ार्मा, टाइटन, कोल इंडिया, गेल, आईओसी, भेल, बीईएल, फाइजर, अदाणी पावर, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, डाबर और एस्कॉर्ट्स जैसी दिग्गज कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही का परिणाम आने वाला है। अगले सप्ताह बाजार की चाल निर्धारित करने में इन कारकों की भी अहम भूमिका रहेगी।

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर रिलायंस इंडस्ट्रीज के उम्मीद से कमजोर तिमाही नतीजे से उसके शेयरों के करीब साढ़े तीन प्रतिशत तक गिरने से सोमवार को सेंसेक्स 102.57 अंक लुढ़ककर 80,502.08 अंक और निफ्टी 21.65 अंक बढ़कर 24,509.25 अंक रह गया।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के संसद में मंगलवार को चालू वित्त वर्ष के लिए पेश किए गए बजट में कैपिटल गेन टैक्स विशेषकर इक्विटी पर लॉन्ग टर्म और शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स को बढ़ाने का प्रस्ताव निवेशकों को रास नहीं आया और उनकी भारी बिकवाली से दोपहर तक लुढ़का शेयर बाजार बाद में कृषि और उपभोक्ता क्षेत्र को समर्थन दिये जाने की घोषणा से संभल गया।सेंसेक्स 73.04 अंक उतरकर 80,429.04 अंक और निफ्टी 30.20 अंक फिसलकर 24,479.05 अंक पर बंद हुआ।

विदेशी बाजारों की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर चालू वित्त वर्ष के बजट में कैपिटल गेन टैक्स में बढ़ोतरी से निराश निवेशकों की बिकवाली का शेयर बाजार पर बुधवार को भी असर रहा, जिससे सेंसेक्स 280.16 अंक की गिरावट लेकर 80,148.88 अंक और निफ्टी 65.55 अंक टूटकर 24,413.50 अंक पर रहा।

विश्व बाजार की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर तिमाही परिणाम कमजोर रहने से एक्सिस बैंक के शेयरों के पांच प्रतिशत से अधिक गिरने से गुरुवार को सेंसेक्स 109.08 अंक टूटकर 80,039.80 अंक और निफ्टी 7.40 अंक की मामूली गिरावट लेकर 24,406.10 अंक पर आ गया।

वहीं, विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर नीचे भाव पर हुई चौतरफा वैल्यू खरीददारी की बदौलत पिछले लगातार पांच कारोबारी दिवस की गिरावट से उबरकर शुक्रवार को शेयर बाजार नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 1292.92 अंक की छलांग लगाकर 81,332.72 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर और निफ्टी 428.75 अंक मजबूत होकर 24,834.85 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया।

## दुर्घटना से सबक, बेसमैंट में चलने वाले कोचिंग सैंटर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश

नयी दिल्ली, 28 जुलाई (वार्ता) दिल्ली की महापौर शेली ओबेरॉय ने रविवार को भूमितल गत में चल रहे सभी कोचिंग सेंटरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए।

ओबेरॉय ने यह आदेश पुराने राजेंद्र नगर में पानी से भरे राव आईएएस कोचिंग सेंटर के भूमिगत तल में पानी भरने और सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थियों की मौत के बाद दिया। उन्होंने दिल्ली नगर निगम के आयुक्त को इस दुखद घटना की त्वरित जांच करने और अगर कोई एमसीडी अधिकारी दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एमसीडी आयुक्त को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, ''कल राजेंद्र नगर में चल रहे एक निजी कोचिंग संस्थान में पानी भरने के कारण कुछ विद्यार्थी फंस गए थे और उनमें से तीन विद्यार्थियों की जान चली गई। यह बहुत चौंकाने वाली घटना है। इस घटना की गहन जांच और त्वरित और सख्त कार्रवाई की जरूरत है।''

उन्होंने कहा, ''यह सुनिश्चित करना भी हमारी जिम्मेदारी है कि दिल्ली के किसी भी हिस्से में ऐसी घटना दोबारा न हो।'' उन्होंने एमसीडी आयुक्त को निर्देश दिया, ''दिल्ली भर में ऐसे सभी कोचिंग सेंटर जो एमसीडी के अधिकार क्षेत्र में आते हैं और भूमिगत तल में व्यावसायिक गतिविधियां चला रहे हैं, जो इमारत कानून का उल्लंघन करते हैं और मानदंडों के अनुसार नहीं हैं, उनके खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।''

सु ओबेरॉय ने कहा, ''इस त्रासदी के लिए एमसीडी के किसी अधिकारी के जिम्मेदारी का पता लगाने के लिए तत्काल जांच की जानी चाहिए। अगर कोई अधिकारी दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। ''

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908